RNI : PBHIN/25/A4135

साप्ताहिक



# सत्ता संदेश



सम्पादक : जितेंद्र कुमार Website : www.sattasandesh.com You Tube : @sattasandesh25 The Power of Print...

वर्ष : 2 अंक : 12 23 मार्च, 2026 मूल्य रु : 5 पृष्ठ : 8 Email : sattasandesh25@gmail.com Post Registration - LDM/0010/2025-26

सरकार प्रमुख योजनाओं के माध्यम...2

10 लाख रुपये तक का मुफ्त...8

वेयरहाउस कॉर्पोरेशन के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर गगनदीप सिंह रंधावा की आत्महत्या मामला

## मंत्री भुल्लर समेत पिता और पी. ए. पर केस दर्ज



**अमृतसर/सत्ता संदेश**

पंजाब की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। पंजाब स्टेट वेयरहाउस कॉर्पोरेशन के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर गगनदीप सिंह रंधावा की मौत के मामले में पुलिस ने कैबिनेट मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर, उनके पिता और निजी सहायक (पी.ए.) के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि रणजीत एवेन्यू पुलिस थाना में देर रात हुआ केस दर्ज किया गया है। गगनदीप सिंह रंधावा ने कथित मानसिक दबाव और प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या का कदम उठाया। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

पुलिस ने शुरुआती जांच के आधार पर आत्महत्या के लिए उकसाने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मामले को लेकर विपक्षी दलों ने पंजाब सरकार पर तीखा हमला बोला है। नेताओं ने मंत्री के इस्तीफे और निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। बीजेपी और अन्य दलों के नेताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर न्याय दिलाने का भरोसा दिया है। अब इस मामले में गिरफ्तारी को लेकर सरकार पर दबाव और तेज हो गया है। विपक्षी पार्टियों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो राज्यभर में प्रदर्शन किए जाएंगे। नेताओं का कहना है कि केस दर्ज होना पर्याप्त नहीं है, बल्कि आरोपियों की गिरफ्तारी भी जरूरी है ताकि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो सके।



### भुल्लर की गिरफ्तारी तक परिवार ने संस्कार करने से किया इनकार

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

पंजाब स्टेट वेयरहाउस कॉर्पोरेशन के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर गगनदीप सिंह रंधावा की आत्महत्या के मामले से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार पीड़ित परिवार ने मृतक का संस्कार करने से इनकार कर दिया है। गगनदीप रंधावा के परिवार का कहना है कि जब तक लालजीत सिंह भुल्लर की गिरफ्तारी नहीं की जाती तब तक वह अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। बता दें कि गगनदीप सिंह रंधावा की मौत के मामले में पुलिस ने कैबिनेट ● शेष पृष्ठ 2 पर

### सुखबीर सिंह बादल ने डीजीपी से की फोन पर बात

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**



शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल ने वेयरहाउस कॉर्पोरेशन के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर डॉ. गगनदीप सिंह रंधावा की मौत के मामले में पंजाब सरकार और मंत्री लालजीत भुल्लर पर सीधा हमला बोला है। ● शेष पृष्ठ 2 पर

### भुल्लर की गिरफ्तारी पर मजीठिया ने घेरी पंजाब सरकार

**अमृतसर/चंडीगढ़/सत्ता संदेश**



पंजाब स्टेट वेयरहाउस कॉर्पोरेशन के डिस्ट्रिक्ट मैनेजर डॉ. गगनदीप सिंह रंधावा की मौत के मामले में अकाली दल के सीनियर नेता बिक्रम मजीठिया चंडीगढ़ की ओर कूच कर चुके हैं। यहां वे मुख्यमंत्री ● शेष पृष्ठ 2 पर

## ईद की रात ईरान पर भीषण बमबारी से मच गई तबाही

**इंटरनैशनल डेस्क/सत्ता संदेश**

पश्चिम एशिया में जारी भीषण युद्ध के बीच ईरान में मरने वालों की संख्या 1,500 से अधिक हो गई है। यह जानकारी सरकारी मीडिया ने स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से दी है।अमेरिका और इजराइल द्वारा 28 फरवरी से शुरू किए गए हमलों के बाद हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। राजधानी तेहरान में रमजान खत्म होने के दौरान भीषण हवाई हमले हुए, जिससे लोगों में डर और अफरा-तफरी फैल गई।

युद्ध के चौथे सप्ताह में भी संघर्ष जारी है और अब इसका दायरा और बढ़ता दिख रहा है। ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हिंद महासागर में स्थित डिएगो गार्सिया सैन्य अड्डे को निशाना बनाया। यह हमला करीब 4,000 किलोमीटर दूर से किया गया, जिससे संकेत मिलता है कि ईरान के पास लंबी दूरी की ताकतवर मिसाइलें मौजूद हैं। इसके साथ ही ईरान के प्रमुख परमाणु ठिकाने नतांज परमाणु संवर्धन केंद्र पर फिर से हमला किया गया है, जिससे परमाणु सुरक्षा को लेकर अंतरराष्ट्रीय चिंता बढ़ गई है।



### भारतीयों का गढ़ किया तबाह, 47 लोग घायल

**इंटरनैशनल डेस्क/सत्ता संदेश**

इजराइल के भारतीयों के गढ़ डिमोना शहर, जिसे 'लिटिल इंडिया' के नाम से भी जाना जाता है, शनिवार को ईरान के मिसाइल हमले का शिकार बन गया। इस हमले में कम से कम 47 लोग घायल हो गए, जिनमें एक 12 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल है। बचाव एजेंसी मेगन डेविड अदोम के अनुसार, कई लोग छर्रों और कांच के टुकड़ों से घायल हुए, जबकि कुछ लोग डर के कारण आश्रय स्थलों की ओर भागते समय गिरकर घायल हो गए।

### न्यूज़ ब्रीफ

#### विस्फोट से पेट्रोल में लगी आग से झुलसा युवक

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

राजस्थान में अलवर जिले के नौगांवा थाना क्षेत्र में शनिवार रात मोबाइल चार्जर में विस्फोट से लगी आग से एक युवक गंभीर रूप से झुलस गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड 15 में निवासरत पंकज वर्मा (21) के एक दोस्त ने उससे बोतल में पैट्रोल लाकर रखने को कहा था। इस पर पंकज एक बोतल में पैट्रोल लाया और उसे घर की अलमारी के पास रख दिया। उस बोतल के पास ही उसने एक्सटेंशन तार में चार्जर लगाकर मोबाइल चार्ज करने रख दिया और खाना खाने लगा।

#### कूलर बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

**फरीदाबाद/सत्ता संदेश**

फरीदाबाद जिले के रोशन नगर में एक कूलर फैक्ट्री में शनिवार शाम भीषण आग लग गई। इस घटना में लगभग 700 कूलर और बड़ी मात्रा में कच्चा माल जलकर राख हो गया। आग लगने से पहले सभी कर्मचारी सुरक्षित बाहर निकल गए, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। पल्ला थाना क्षेत्र के रोशन नगर में शनिवार देर शाम कूलर बनाने की फैक्ट्री में आग लग गई। इसमें करीब 700 कूलर व कच्चा माल जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड की आठ गाड़ियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

#### खाई में गिरी कार, 3 की हुईदर्दनाक मौत

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

हिमाचल प्रदेश घूमने गए जालंधर के लोगों के साथ दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार जालंधर के कुछ युवक और युवतियां डलहौजी घूमने गए थे। इस दौरान डलहौजी के गांधी चौक के पास अचानक उनकी कार अनियंत्रित हो गई और गहरी खाई में गिर गई। इस दौरान गाड़ी में सवार 2 युवकों और एक युवती की मौत हो गई जबकि अन्य घायल हो गए। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और राहत टीम मौके पर पहुंची।

## दर्दनाक हादसा : अंतिम संस्कार के लिए अवशेष तक नहीं मिले

**लुधियाना/सत्ता संदेश**

जमालपुर इलाके में स्थित वाइटल स्टील बार्स लिमिटेड फैक्ट्री में नाइट शिफ्ट के दौरान हुए एक दर्दनाक हादसे ने न केवल एक नौजवान की जान ले ली, बल्कि एक हंसते-खेलते परिवार के चिराग को हमेशा के लिए बुझा दिया। हादसे की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि 26 वर्षीय युवक सचिन गौतम लोहे की धधकती भट्ठी में गिरकर पूरी तरह भस्म हो गया और पीछे रह गई तो सिर्फ अपनों की चीखें और फैक्ट्री प्रबंधन की लापरवाही के निशान। फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरों ने उस रूह कंपा देने वाले पल को कैद किया है, जिसे देखकर किसी का भी कलेजा मुंह को आ जाए। फुटेज में साफ दिख रहा है कि रात के वक्त फैक्ट्री में काम सामान्य रूप से चल रहा था। सचिन भट्ठी के पास जैसे ही पहुंचता है, अचानक उसका संतुलन बिगड़ता है और वह सीधा मौत के उस दहकते कुंड में समा जाता है। सचिन के गिरते ● शेष पृष्ठ 2 पर

## यूएई तट पर जहाज पर प्रोजेक्टाइल हमले से हिला वैश्विक तेल मार्ग

**इंटरनैशनल डेस्क/सत्ता संदेश**

होर्मुज जलडमरूमध्य के पास एक बड़ा समुद्री सुरक्षा खतरा सामने आया है। संयुक्त अरब अमीरात के तट के करीब एक वाणिज्यिक जहाज के पास अज्ञात प्रोजेक्टाइल से विस्फोट हुआ, जिससे वैश्विक चिंता बढ़ गई है। ब्रिटेन की समुद्री सुरक्षा एजेंसी यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस के अनुसार, यह घटना शारजाह से लगभग 15 नॉटिकल मील उत्तर में हुई। जहाज के कप्तान



ने बताया कि विस्फोट जहाज के बेहद करीब हुआ, जिससे स्थिति बेहद खतरनाक बन गई।हालांकि राहत की बात ● शेष पृष्ठ 2 पर

## कनाडा में पंजाबी युवक की गोलियां मार हत्या

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

कनाडा में पंजाबियों की हत्या करने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। वहीं ताजा मामला आया है जिला मोगा के दौलतपुरा के रहने वाले 32 साल के दविंदर सिंह का, जो कि चार साल पहले मोगा से बिजली विभाग से नौकरी छोड़ कर अपनी पत्नी के पास कैनेडा गया था। दविंदर सिंह की पत्नी पहले वहां पर स्टडी वीजा पर गई थी और बाद में दविंदर भी वहां पर चला गया था। दविंदर सिंह वहां पर पिज्जा और बर्गर का काम करता था और पार्ट टाइम टैक्सी भी चला रहा था।

परिवार वालों के मुताबिक दविंदर का छोटा भाई यही गांव में रहता है और दविंदर अपनी पत्नी और ससुराल ओर अन्य रिश्तेदारों के साथ कैनेडा में रहता था। दविंदर वीरवार शाम को अपनी टैक्सी पर किसी लड़की को कहीं छोड़ने जा रहा था कि कि लड़की के पीछे कुछ बदमाश लगे हुए थे। बदमाशों को शक हुआ कि दविंदर लड़की की मदद कर रहा ● शेष पृष्ठ 2 पर

## पटवारियों और कानूनगो को मिलेंगे स्मार्ट टैबलेट

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

हरियाणा सरकार ने राजस्व प्रशासन को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए राज्यभर के पटवारियों और कानूनगो के लिए 4156 स्मार्ट टैबलेट खरीदने को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री नायब सैनी और मंत्री विपुल गोयल द्वारा अनुमोदित इस पहल का उद्देश्य फील्ड संचालन को डिजिटल बनाकर पारदर्शिता, दक्षता और सेवा वितरण में सुधार लाना है। वित्त आयुक्त डा. सुमिता मिश्रा के अनुसार यह कदम तकनीक को सीधे जमीनी स्तर तक पहुंचाने की दिशा में अहम



है जहां अधिकारी नागरिकों से प्रत्यक्ष संपर्क में रहते हैं। इससे ग्रामीण और कृषि क्षेत्रों में सेवाएं अधिक तेज, सुलभ और पारदर्शी होंगी। अब तक पटवारी और कानूनगो मैनुअल रिकॉर्ड, कागजी फाइलों और हाथ से बने नक्शों पर निर्भर थे जिससे प्रक्रिया धीमी और जटिल होती थी। नए स्मार्ट टैबलेट के जरिए अधिकारी फील्ड में ही सर्वे, डाटा एंट्री कर सकेंगे, जी.पी.एस.-टैग्ड फोटो ले सकेंगे और जानकारी को रियल टाइम में सर्वर पर अपलोड कर सकेंगे। वॉइस-टू-टैक्स्ट फीचर से डाटा एंट्री आसान और अधिक सटीक होगी। इन टैबलेट में बड़ा डिस्प्ले, मजबूत प्रोसैसिंग क्षमता, पर्याप्त स्टोरेज और लंबी बैटरी लाइफ जैसे फीचर्स होंगे। एल.टी.ई. कनैक्टिविटी, जी.पी.एस. और इमेजिंग ● शेष पृष्ठ 2 पर

### 1 अप्रैल से बढ़ सकते हैं फ्लाइट टिकट के दाम

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**

अगर आप गर्मियों की छुट्टियों में कहीं बाहर जाने का प्लान बना रहे हैं तो अपनी जेब थोड़ी ज्यादा ढीली करने के लिए तैयार हो जाइए। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने चेतावनी दी है कि 1 अप्रैल से विमानन ईंधन (ॠक्ष्रू) की कीमतों में होने वाली बढ़ोतरी का सीधा असर हवाई किराए पर पड़ेगा। किसी भी एयरलाइन को चलाने के कुल खर्च का लगभग 35 प्रतिशत से 45 प्रतिशत हिस्सा केवल ईंधन (ईंधन) पर खर्च होता है। मिडिल ईस्ट (पश्चिम एशिया) में चल रही भू-राजनीतिक अस्थिरता के कारण ● शेष पृष्ठ 2 पर

## बीएसएफ जवान की मौत पर बवाल! छावनी में तबदील हुआ इलाका

**आर.एस. पुरा/सत्ता संदेश**

एनसीबी द्वारा आर.एस. पुरा के दीवानगढ़ निवासी ॠक्ष्र जवान जसबिंदर सिंह को हिरासत में लेने के बाद हुई संदिग्ध मौत के विरोध में रविवार को क्षेत्र में जोरदार प्रदर्शन देखने को मिला। मृतक जवान के परिजनों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने चौक पर एकत्र होकर सड़क जाम कर दी और दुकानों का सामान सड़क पर रखकर अपना रोष प्रकट किया। प्रदर्शनकारियों ने जमकर नारेबाजी करते हुए इंसाफ



की मांग की। उनका आरोप था कि जसबिंदर सिंह को झूठे मामले में फंसाया गया और हिरासत के दौरान उसकी मौत ● शेष पृष्ठ 2 पर

## उद्योगपतियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा: सीएम सुक्खू

■ सीआईआई के वार्षिक सम्मेलन की अध्यक्षता की

**शिमला/सत्ता संदेश**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने सीआईआई हिमाचल प्रदेश द्वारा शिमला में गुरुवार देर शाम 'बेहतर कल हेतु भविष्य-उन्मुख हिमाचल प्रदेश का निर्माण- वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए स्थानीय सामर्थ्य का दोहन' विषय पर आयोजित वार्षिक सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने उद्योगपतियों को पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण और सूचना प्रौद्योगिकी




क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश की भौगोलिक और पर्यावरणीय विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए हरित उद्योगों को प्रोत्साहन प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार उद्योगों को हर संभव सहयोग और आवश्यक सुविधाएं प्रदान करेगी तथा पर्यटन और आतिथ्य सत्कार क्षेत्रों में निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार पर्यटन क्षेत्र में 3,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना भी बना रही है।

राज्य के जिला मुख्यालयों और प्रमुख पर्यटन स्थलों पर हेलीपोर्ट निर्मित किए जा रहे हैं तथा हेली-टैक्सी सेवाओं का संचालन शुरू किया जा चुका है और इन सेवाओं को विस्तार प्रदान करने की योजना है। ● शेष पृष्ठ 2 पर

## जालंधर-फगवाड़ा हाइवे पर हादसा, बुरी तरह से कुचला युवक, मौत

**जालंधर/सत्ता संदेश**

जालंधर-फगवाड़ा नेशनल हाईवे पर पर एक दिल दहला देने वाले हादसे में व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे पर चहेड़ू पुल के पास भयानक हादसा घटा। मामले की जानकारी देते हुए एक राहगीर अमनदीप सिंह ने बताया कि वे ब्यास से आ रहा था। इसी बीच, रास्ते में व्यक्ति सड़क पर पड़ा था और कोई उसकी मदद नहीं कर रहा था। व्यक्ति अमनदीप ने बताया कि उसने अपनी गाड़ी रोकी और उसकी मदद की। हादसे में युवक की मौत हो चुकी थी। मृतक युवक की पहचान उसके पर्स से हुई। मृतक विशाल जालंधर का रहने वाला था जोकि, मृतक इंडियन ऑयल कंपनी में काम करता था। इस हादसे के बारे में कंपनी को सूचित कर दिया गया है। व्यक्ति के मुताबिक, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी थी।

घटना की जानकारी मिलने पर रोड सेफ्टी फोर्स की टीम मौके पर पहुंची और ● शेष पृष्ठ 2 पर

### नशे का सेवन कर रहे 5 व्यक्तियों को किया गिरफ्तार

**नवांशहर/सत्ता संदेश**

पुलिस ने 4 विभिन्न मामलों में नशे का सेवन कर रहे 5 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। थाना सदर नवांशहर के अधीन पड़ती पुलिस चौंकी जाडला की इंचार्ज ए.एस.आई. अमरजीत कौर ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी पुलिस पार्टी दौरान गशत संदिग्ध लोगों तथा वाहनों की तालाश में चौंकी जाडला से गांव सनावा नहर के साथ साथ मेन हाइवे की साईड जा रही थी। जब उनकी पुलिस पार्टी गांव सनावा के शमशानघाट के नजदीक पहुंची तो शमशानघाट में एक व्यक्ति ● शेष पृष्ठ 2 पर

## महिला को बालों से खींच घसीटने के मामले में एएसआई समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित

**जालंधर/सत्ता संदेश**

जालंधर के भार्गव कैंप इलाके में हुई पुलिस कार्रवाई अब विवादों में घिर गई है। जानकारी के अनुसार, घरेलू विवाद के दौरान एक महिला के साथ बर्ताव को लेकर एएसआई समेत तीन पुलिसकर्मी निलंबित कर दिए गए हैं। सूरत हालात का खुलासा तब हुआ जब इलाके का सीसीटीवी फुटेज सामने आया। फुटेज में कथित तौर पर एक स्ढ्ढ को सड़क पर मारपीट करते हुए देखा जा सकता है। वहीं, उसी दौरान एक महिला को बिना महिला पुलिसकर्मी की मौजूदगी में बालों से पकड़कर घसीटने का आरोप भी सामने आया है। पुलिस प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत तीनों पुलिसकर्मियों को निलंबित कर मामले की जांच के आदेश दिए हैं। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की इस कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं और मांग की है कि महिलाओं के साथ पुलिस का ● शेष पृष्ठ 2 पर

## मलेरकोटला के लिए बड़ी घोषणा : मेडिकल कॉलेज होगा स्थापित, एमबीबीएस की 100 सीटें होंगी

■ 563 करोड़ रुपये की लागत से 38.5 एकड़ में सरकारी मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए टेंडर जारी : भगवंत मान

■ मलेरकोटला में मेडिकल कॉलेज के साथ नर्सिंग कॉलेज और 200 बिस्तरों वाला अस्पताल भी बनाया जाएगा

**मलेरकोटला/सत्ता संदेश**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज मलेरकोटला में लोगों के साथ ईद मनाई। यहां ईदगाह में ईद के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री ने 563 करोड़ रुपये की लागत से मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के साथ-साथ अन्य अस्पतालों की परियोजनाओं की घोषणा की, जिसका उद्देश्य लोगों को उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना है।

इस दौरान उन्होंने सभी परिवारों से 10 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज का लाभ उठाने के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत नाम दर्ज कराने की अपील की,



जिससे इस जनहितकारी योजना का उद्देश्य जनता की स्वास्थ्य देखभाल को मजबूत करना है।

लोगों को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ईद-उल-फितर एक-दूसरे की भलाई की कामना करने का त्योहार है और मुझे मलेरकोटला की इस पवित्र ईदगाह में आकर बहुत सुकून और खुशी मिली है। यह ऐसा त्योहार है जो भाईचारे की भावना की सजीव तस्वीर पेश करता है, जहां हम एक साथ बैठते हैं और एक-दूसरे की खुशहाली की दुआ करते हैं। मैं प्रबंधक कमेटी और आसपास के गांवों से ईद मनाने आए सभी लोगों को दिल से शुभकामनाएं देता हूं।

उन्होंने आगे कहा, मलेरकोटला एक ऐतिहासिक धरती है, जहां से दसवें पातशाह के छोटे साहिबजादों के हक में आवाज उठाई गई थी और वह आवाज आज भी पूरी दुनिया में गूंज रही है।

ईद के इस पावन अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि यहां एक मेडिकल कॉलेज स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा, लगभग 38.5 एकड़ रक्षा भूमि सरकार को हस्तांतरित की जा चुकी है और करीब 563 करोड़ रुपए की लागत से 100 एमबीबीएस सीटों वाला यह मेडिकल कॉलेज जल्द तैयार होगा।

CMYK

## न्यूज ब्रीफ

### फरीदाबाद का कुख्यात लुटेरा ढेर होते-होते बचा

**फरीदाबाद/सत्ता संदेश**
फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा सेक्टर-23 की टीम ने एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए ज्वैलर से लूट के मामले में वांछित बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, क्राइम ब्रांच सेक्टर-23 की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि ज्वैलर लूट कांड का मुख्य आरोपी धर्मवीर उर्फ बाबू इलाके में देखा गया है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत घेराबंदी की।

### पीएम मोदी ने मतुआ धर्म मेले के श्रद्धालुओं और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने मतुआ धर्म मेले के सभी श्रद्धालुओं और प्रतिभागियों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। यह विशेष अवसर पूर्ण ब्रह्म श्री श्री हरिचंद ठाकुर जी की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। श्री मोदी ने कहा, फ्मैं उन्हें सादर प्रणाम करता हूं। उनके विचार और शिक्षाएं आज भी अनेक लोगों को शक्ति और आशा प्रदान करती हैं। उन्होंने गरिमा, समानता और भक्ति के लिए एक सशक्त आंदोलन को जन्म दिया। उन्होंने पीढ़ियों को सत्य, सद्भाव और सामूहिक उत्थान के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

### असम विधानसभा 2026 के सामान्य निर्वाचन के लिए विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने असम विधानसभा 2026 के चल रहे सामान्य निर्वाचन के लिए एक विशेष पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। ईसीआई ने 15 मार्च 2026 को रविवार को असम सहित 4 अन्य राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सामान्य निर्वाचनों का कार्यक्रम घोषित किया। असम में मतदान की तिथि 9 अप्रैल 2026 को होगी तथा मतगणना 4 मई 2026 को निर्धारित है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने कल चुनाव कार्यक्रम घोषित करने वाले अपने प्रेस वार्ता में आश्वासन दिया था कि असम सहित सभी राज्यों में निर्वाचन शांतिपूर्ण होंगे।

# सरकार प्रमुख योजनाओं के माध्यम से वित्तीय समावेशन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत कर रही

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
समाज के विभिन्न वर्गों के उत्थान के उद्देश्य से बैंकिंग, ऋण और बीमा तक पहुंच प्रदान करने के लिए, सरकार ने अगस्त, 2014 में राष्ट्रीय वित्तीय समावेशन मिशन (एनएमएफआई) नामक प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) की शुरुआत की, ताकि हर बैंक रहित परिवार को बैंकिंग सेवाएं प्रदान की जा सकें। इसका आधार सिद्धांत है – बैंक रहितों को बैंकिंग, असुरक्षितों को सुरक्षा और वित्त रहितों को वित्त। हालांकि, वर्तमान में वित्त मंत्रालय द्वारा सीधे कोई गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम लागू नहीं किया जा रहा है। एन एम एफ आई के तहत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभार्थियों का कवरेज निम्नानुसार है-



पीएमजेडीवाई के तहत 25.02.2026 तक कुल 57.78 करोड़ जन-धन खाते 2,94,702 करोड़ रुपये की जमा राशि के साथ खोले गए हैं। इनमें से 32.21 करोड़ (55.8ब) जन-धन खाते महिलाओं के हैं और लगभग 45.17 करोड़ (78.2ब) पीएमजेडीवाई खाते ग्रामीण एवं अर्ध-शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं; प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) के तहत किसी भी कारण से मृत्यु पर 2 लाख रुपये का जीवन बीमा कवर प्रदान करने के लिए 26.88 करोड़ संचयी नामांकन (25.02.2026 तक) किए गए हैं; प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) के तहत मृत्यु या पूर्ण स्थायी अक्षमता पर 2 लाख रुपये तथा स्थायी आंशिक अक्षमता पर 1 लाख रुपये का एक वर्षीय दुर्घटना कवर प्रदान करने के लिए 57.11 करोड़ संचयी नामांकन (25.02.2026 तक) किए गए हैं; अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के तहत पात्र ग्राहकों को मासिक पेंशन प्रदान करने के लिए 8.84 करोड़ संचयी नामांकन (25.02.2026 तक) किए गए हैं;

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) के तहत विनिर्माण, व्यापार, सेवा क्षेत्रों में आय सृजन गतिविधियों के लिए सूक्ष्म/लघु व्यवसाय इकाइयों को 20 लाख रुपये तक बिना गिरवी के संस्थागत वित्त प्रदान करने के लिए 57.26 करोड़ ऋण 39.48 लाख करोड़ रुपये की राशि के स्वीकृत किए गए हैं (27.02.2026 तक), जिसमें कृषि से संबद्ध गतिविधियां शामिल हैं।

# फसलों के अवशेषों को जलाने के कार्य को हतोत्साहित और कम करने हेतु सरकार द्वारा उठाए गए प्रमुख कदम

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
उत्तर भारत में, विशेष रूप से दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में, पिछली फसल की कटाई के बाद अगली फसल की बुवाई के लिए फसलों के अवशेषों को जलाने के कार्य को सर्दियों के मौसम के दौरान इस क्षेत्र में वायु गुणवत्ता सूचकांक को खराब करने वाले एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में पहचाना गया है।

फसलों के अवशेषों को जलाने की प्रथा को हतोत्साहित और कम करने हेतु सरकार द्वारा उठाए गए प्रमुख कदमों में निम्नलिखित बातें शामिल हैं : फसलों के अवशेषों को जलाने से उत्पन्न आग की घटनाओं की निगरानी उपग्रह रिमोट सेंसिंग का उपयोग करके की गई है। निगरानी की इस प्रक्रिया में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ङ्क भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के कृषि भौतिकी विभाग की कंसोर्टियम फॉर रिसर्च ऑन एग्रोएकोसिस्टम मॉनिटरिंग एंड मॉडलिंग फॉम स्पेस (क्रीम्स) प्रयोगशाला द्वारा उपग्रह डेटा का



उपयोग करके फसलों के अवशेषों को जलाने से उत्पन्न आग की घटनाओं के आकलन से संबंधित मानक प्रोटोकॉल का पालन किया गया है।

किसानों को फसलों के अवशेषों के प्रबंधन हेतु खेत में ही उपाय और धान के पुआल का विभिन्न अनुप्रयोगों में उपयोग जैसे वैकल्पिक उपाय उपलब्ध कराए गए हैं। खेत में ही फसलों के अवशेषों के प्रबंधन की प्रक्रिया में कुशल एवं किफायती मशीनीकृत साधनों/फसल अवशेष प्रबंधन मशीनरी के जरिए धान के अवशेषों को खेत में ही मिलाना/मल्चिंग करना शामिल है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सरकार द्वारा धान के पुआल जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण को कम करने और फसल अवशेष प्रबंधन के लिए आवश्यक मशीनरी पर सब्सिडी प्रदान करने के प्रयासों का समर्थन करने हेतु कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 2018-19 से फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) से संबंधित एक केन्द्रीय क्षेत्र योजना लागू की गई है। इस योजना के तहत, किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन मशीनरी की खरीद हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है और ग्रामीण उद्यमियों (ग्रामीण युवा एवं उद्यमी किसान), किसान सहकारी समितियों (कृषि/ बागवानी/मखाना आदि), डे-एनआरएलएम क्लस्टर स्तरीय संघों और स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) और पंचायतों को फसल अवशेष प्रबंधन मशीनों के कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने हेतु 80 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। धान आपूर्ति श्रृंखला परियोजनाओं को उच्च एचपी ट्रैक्टर, कटर, टेडर, मध्यम से लेकर बड़े बेलर, रेकर, लोडर, ग्रैबर और टेलीहैंडलर जैसी मशीनरी एवं उपकरणों की पूंजीगत लागत पर अधिकतम 1.50 करोड़ रुपये तक 65 प्रतिशत की वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। राज्यों और आईसीएआर को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में किसानों को व्यापक रूप से जागरूक करने हेतु सूचना, शिक्षा और संचार गतिविधियों को संचालित करने के लिए भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। वर्ष 2018-19 से 2025-26 की अवधि के दौरान (10.03.2026 तक), 4237.47 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

# आधुनिक कृषि तकनीकों से रू-ब-रू हुए छात्र

**किन्नौर/सत्ता संदेश**
टीएस नेगी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रिकांगपिओ के उन्नत भारत अभियान सेल द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र रिकांगपिओ के सहयोग से पौधों के न्यूट्रिशन मैनेजमेंट और



कैनोपी मैनेजमेंट विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन उन्नत भारत अभियान सेल के समन्वयक डाक्टर मोहित फानयान, प्रोफसर देव राज नेगी और ज्योति शर्मा ने किया। कार्यशाला में कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञ डाक्टर अरुण ने कैनोपी मैनेजमेंट के तकनीकी पहलुओं पर बताया कि पौधों के सही ढांचागत प्रबंधन से फसल की गुणवत्ता और उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है। वहीं डाक्टर दीपिका ने न्यूट्रिशन मैनेजमेंट विषय पर व्याख्यान देते हुए पौधों को संतुलित पोषक तत्व उपलब्ध कराने, खाद व उर्वरकों के उचित उपयोग तथा मृदा स्वास्थ्य को बनाए रखने की आधुनिक तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यशाला में महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांवों के ग्रामीणों को भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, कार्यक्रम में 40 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें वाणिज्य,वनस्पति विज्ञान और भूगोल विभाग के छात्र, इको क्लब के सदस्य तथा गर्ल्स हॉस्टल की छात्राएं शामिल रहीं।



# आजादी के बाद सड़क सुविधा से अब जुड़ा गांव

**बैजनाथ/सत्ता संदेश**
आजादी के बाद सडे सेवा से जुड़ा थाथी गांव, यह बात विधायक किशोरी लाल ने कही। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र बैजनाथ के दूरदराज क्षेत्र में बसे गांव थाथी गांव का दौरा कर गांव के लिए निर्माणाधीन सडे संपर्क मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद पहली बार थाथी गांव का सडे संपर्क मार्ग से जुडऩा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। सडे सुविधा उपलब्ध होने से न केवल लोगों की आवाजाही आसान होती है, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्यए व्यापार और अन्य विकासात्मक गतिविधियों को भी गति मिलती है। उन्होंने गांव वासियों को विश्वास दिलाया कि सडे मार्ग को गांव तक विस्तारित किया जाएगा। इससे पूर्व विधायक किशोरी लाल ने मढेढ़ बस ठहराव पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान बैजनाथ से नवदुर्गा माता मंदिर मढेढ़ तक चलने वाली नई बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर विधिवत शुभारंभ किया। यह बस सेवा पहले मढेढ़ तक चलती थी, जिसको अब ऊपरी मढेढ़ नवदुर्गा माता मंदिर तक चलाया गया है। विधायक किशोरी लाल ने मढेढ़ मंदिर तक चलने वाली बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कहा कि इस बस सेवा के आरंभ होने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। इसी के साथ किशोरी लाल ने ग्राम पंचायत अवैरी के वार्ड नंबर सात में नवनिर्मित महिला मंडल भवन का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने महिला मंडल की सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व अनुसूचित जाति सैल के उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण अजय सूद, क्षेत्रीय प्रबंधक एचआरटीसी शशांक धीमान, मिलाप राणा, शशि राणा, अतुल चौधरी, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### भुल्लर की गिरफ्तारी...

मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर, उनके पिता और निजी सहायक (पी.ए.) के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि रणजीत एवेन्यू पुलिस थाना में देर रात हुआ केस दर्ज किया गया है। गगनदीप सिंह रंधावा ने कथित मानसिक दबाव और प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या का कदम उठाया था। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी।

### सुखबीर सिंह बादल...

पीड़ित परिवार से मिलने के बाद सुखबीर बादल ने ट्वीट के जरिए एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने परिवार को इंसाफ दिलाने के लिए आखिरी दम तक लड़ने का ऐलान किया है। सुखबीर बादल ने मौके पर ही छ्व्रत्नक्क पंजाब से बात की और परिवार के बयानों के आधार पर तुरंत स्नढ्ढक्र दर्ज करने की मांग की। उन्होंने साफ कर दिया कि चाहे आज हो, कल हो या परसों, पुलिस को केस दर्ज करना ही होगा।

### भुल्लर की गिरफ्तारी पर...

भगवंत मान का घेराव करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर कहा कि डॉ. गगनदीप रंधावा के भाई भी उनके साथ हैं।

### दर्दनाक हादसा...

ही भट्ठी से आग की गगनचुंबी लपटें बाहर निकलीं, जिसे देख वहां काम कर रहे अन्य मजदूरों में भगदड़ मच गई। दहशत का आलम यह था कि साथी मजदूर अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे, जबकि सचिन चंद पलों में राख के ढेर में तब्दील हो गया।

### यूएई तट...

यह है कि जहाज के सभी चालक दल सुरक्षित हैं और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है और आसपास के सभी जहाजों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। इस हमले के पीछे किसका हाथ है, यह अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन क्षेत्र में बढ़ते तनाव के चलते ईरान पर संदेह जताया जा रहा है। हाल के दिनों में ईरान पर अमेरिका और इजराइल से जुड़े जहाजों को निशाना बनाने के आरोप लगे हैं।होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में से एक है, जहां से लगभग 20 प्रतिशत वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति गुजरती है। ऐसे में इस तरह की घटनाएं पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती हैं।

### कनाडा में पंजाबी...

है और उन्होंने दविंदर सिंह पर गोलियां चला दी ओर उसकी मौत हो गई और बदमाश लड़की को साथ ले गए। लड़की ने फोन पर दविंदर की टैक्सी बुक की थी। इस समय पूरे गांव में सदमे का माहौल है तथा माता का रो-रो कर बुरा हाल है।

### पटवारियों और कानूनगो...

सुविधाएं इन्हें दूर-दराज इलाकों में भी प्रभावी बनाएंगी। सभी डिवाइस 2 साल के क्लाऊड-होस्टिङ लाइसैंस और मोबाइल डिवाइस मैनेजमैंट सिस्टम से जुड़े होंगे जिससे रियल टाइम मॉनिटरिंग, अपडेट और डाटा सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। सरकार का मानना है कि इस डिजिटल पहल से राजस्व सेवाओं में देरी कम होगी, त्रुटियां घटेंगी और विसंगतियों पर रोक लगेगी। खासतौर पर किसानों को तेज और भरोसेमंद सेवाएं घर के पास ही मिल सकेंगी जिससे सरकारी दफ्तरों के चक्कर कम होंगे।

### 1 अप्रैल से...

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम बढ़ रहे हैं। चूंकि एटीएफ की कीमतें हर महीने की पहली तारीख को तय होती हैं इसलिए 1 अप्रैल से नया रेट लागू होगा।

### बीएसएफ जवान...

हुई, जिसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और सामाजिक व धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि भी मौके पर पहुंचे और परिजनों को समर्थन दिया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। स्थिति को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे।

### उद्योगपतियों का उत्पीड़न...

इसके अलावा कांगड़ा हवाई अड्डे के विस्तार का कार्य भी प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने आश्वासन देते हुए कहा कि उद्योगपतियों का उत्पी न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और वे अपनी शिकायतें सीधे उनके संज्ञान में ला सकते हैं। उन्होंने सिंगल-विंडो प्रणाली में सुधार पर बल देते हुए कहा कि उद्योगों से संबंधित सभी स्वीकृतियां एक ही स्थान पर उपलब्ध करवाई जानी चाहिए और उद्योग विभाग को निवेशकों का मार्गदर्शन करना चाहिए।

### जालंधर-फगवाड़ा हाइवे...

शव को अस्पताल ले जाया गया। फिर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। मौके पर मौजूद एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि विशाल मोटरसाइकिल चला रहा था और एक तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। इस घटना में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कुचलने से युवक की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि, मृतक के परिवार के बयानों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### नशे का सेवन...

संदिग्ध हालातों में बैठा दिखाई दिया। वह लाईटर जगाकर किसी चीज का सेवन कर रहा था।

### महिला को बालों...

व्यवहार संवेदनशील और उचित होना चाहिए। इस घटना ने भार्गव कैंप इलाके में सुरक्षा और पुलिस के रवैये पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# सड़क सुविधा नहीं, बीच रास्ते दम तोड़ रहे मरीज

**भरमौर/सत्ता संदेश**
जनजातीय उपमंडल भरमौर की ग्राम पंचायत भरमौर के तीन गांव आजादी के करीब आठ दशक बीत जाने के बाद भी सडे सुविधा से नहीं जुड़ पाए हैं।



सड़क सुविधा न होने के कारण ग्रामीण आज भी रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं को पीठ पर लादकर घर पहुंच रहे हैं। आपातकाल में स्थिति ओर भी बदत्तर हो जाती है जब मरीज को पालकी व पीठ पर लादकर मुख्य मार्ग तक पहुंचाना पड़ता है। कई मर्तबा समय पर चिकित्सीय सुविधा न मिलने से मरीज बीच रास्ते में दम तोड़ जाते हैं। ग्रामीणों के विभिन्न मंचों पर सडे सुविधा की मांग उठाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो पा रही है।

ग्रामीण राजकुमार, अर्जुन कुमार, आकाश, पंकज, विनय कुमार, विजय, अनिल, राजेश, राकेश, इंदिरा व प्यार शर्मा का कहना है कि भरमौर पंचायत के खरिय्या, धरकौता और गोआ गांव अभी तक सडे सुविधा से जुडने का इंतजार है। उन्होंने बताया कि इन गांवों को सडक सुविधा से जोडऩे की मांग सरकार व प्रशासन के समक्ष कई बार उठाई जा चुकी है, लेकिन अभी तक केवल आश्वासन ही मिल पाए हैं। उन्होंने बताया कि सडे सुविधा न होने से यह गांवों विकास की दौड़ में भी पिछड़ते जा रहे हैं। लोगों ने कहा कि सड़क न होने का सबसे बड़ा खमियाजा इन गांवों में किसी के बीमार होने की सूरत में भुगतना पड़ता है।

मरीज को कई किलोमीटर पैदल पीठ पर उठाकर मुख्य मार्ग तक पहुंचाना पड़ता है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से ग्रामीणों की दिक्कतों को देखते हुए इन गांवों को सडे सुविधा से जोडऩे की दिशा में सकारात्मक कार्रवाई अमल में लाकर राहत प्रदान करने का आग्रह किया है।

### आढ़तियों और समितियों की कमीशन दरों में संशोधन

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
भारत सरकार ने उन आढ़तियों और सहकारी समितियों को दिए जाने वाले कमीशन की दरों में संशोधन को मंजूरी दे दी है, जो सरकार की ओर से गेहूं और धान की खरीद के काम में लगी हुई हैं। यह संशोधन रबी विपणन सत्र (आरएमएस) 2026-27 से लागू होगा। खरीद कार्यों से जुड़े मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार, उन समितियों, सहकारी संस्थाओं, उप-एजेंटों और आढ़तियों को कमीशन दिया जाता है, जो सरकार की ओर से गेहूं और धान की खरीद का काम करते हैं और खरीद प्रक्रिया में मध्यस्थता व एकत्रीकरण से जुड़ी सेवाएं प्रदान करते हैं। विभिन्न राज्य सरकारों से कमीशन दरों में संशोधन के लिए मिले अनुरोधों के आधार पर, एक उप-समिति का गठन किया गया।

# पुनर्वास महानिदेशालय दिल्ली में पूर्व सैनिकों के लिए विशेष रोजगार मेले का आयोजन करेगा

**नई दिल्ली/सत्ता संदेश**
पुनर्वास महानिदेशालय (डी जी आर) पूर्व सैनिकों को सशक्त बनाने और नागरिक कार्यबल में उनका समर्थन करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में, पूर्व सैनिक कल्याण विभाग (रक्षा मंत्रालय) के अंतर्गत 20 मार्च 2026 को नई दिल्ली में पूर्व सैनिकों के लिए रोजगार मेले का आयोजन कर रहा है। यह रोज़गार मेला भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना के पूर्व सैनिकों को सुरक्षा, आईटी, प्रशासन, लॉजिस्टिक्स, स्वास्थ्य सेवा, प्रशासन और इंजीनियरिंग सहित विविध क्षेत्रों के कॉर्पोरेट और उद्योग जगत के प्रमुख नियोक्ताओं से जोड़ने के लिए मंच के रूप में कार्य करेगा। यह पहल पूर्व सैनिकों के पुनर्वास और कल्याण के प्रति पूर्व सैनिक कल्याण विभाग (रक्षा मंत्रालय) की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस रोजगार मेले का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि पूर्व सैनिकों के अनुशासन, नेतृत्व और तकनीकी विशेषज्ञता को रोजगार बाज़ार में मान्यता मिले। रक्षा मंत्रालय वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान देश भर में विभिन्न स्थानों पर पूर्व सैनिकों के लिए 18 रोजगार मेलों का आयोजन कर रहा है, जिनमें से सत्रह रोजगार मेले अब तक दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबाद, लखनऊ, वाराणसी, कोलकाता, सिकंदराबाद, जम्मू, भोपाल, कोच्चि, गुवाहाटी, देहरादून, बेंगलुरु, पुणे और चंडीगढ़ में आयोजित किए जा चुके हैं। रोजगार मेले में पूर्व सैनिकों को नियोक्ताओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का करने का अवसर मिलेगा, जो कार्यबल में पूर्व सैनिकों के अनूठे योगदान को समझते और सराहते हैं।

# चंबा कालेज के होनहारों पर बरसे इनाम

**चंबा/सत्ता संदेश**
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह रविवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सदर विधायक नीरज नैयर ने शिरकत की। समारोह में महाविद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। इस अवसर पर सदर विधायक ने महाविद्यालय के शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। नीरज नैय्यर ने कालेज की शैक्षणिक तथा बहुआयामी गतिविधियों में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रर्दशन की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के विकास की आधारशिला है तथा विद्यार्थी देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय चंबा में एमबीए, एमसीए, एमकाम और एमए इन सोशियोलाजी जैसे महत्वपूर्ण कोर्स शुरू किए गए हैं, जिससे विद्यार्थियों को अब इन कोर्सो की पढाई के लिए बाहर नहीं जाना पड रहा है। समारोह के दौरान विधायक ने महाविद्यालय चंबा को सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए 11 हजार रूपए देने की घोषणा की। इससे पूर्व विधायक नीरज नैयर ने डा. सुखदेव शर्मा द्वारा अपनी धर्मपत्नी स्व. स्वदेश शर्मा की स्मृति में महाविद्यालय के डिजिटल पुस्तकालय को और विकसित करने के कार्य का विधिवत शुभारंभ किया। प्राचार्य राकेश राठौर ने इस कक्ष के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि डा. सुखदेव शर्मा द्वारा 10 लाख रूपए की धनराशि उपलब्ध करवाई गई है, जिसमें से पांच लाख रूपए पुस्तकों के लिए और पांच लाख रुपए का फर्नीचर स्थापित किया गया है।

# लाखों रुपए की अवैध लकड़ी सहित पिकअप ट्राला जब्त

**अम्ब/सत्ता संदेश**
जिला ऊना के उपमंडल अम्ब में वन माफिया के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं, लेकिन पुलिस और वन विभाग की संयुक्त मुस्तैदी ने उनके मंसूबों पर एक बार फिर पानी फेर दिया है। अम्ब पुलिस ने सरकारी वन भूमि से बेशकीमती खैर की लकड़ी की अवैध कटाई, चोरी, भंडारण और परिवहन के आरोप में एक बड़ा मामला दर्ज किया है। जब्त की गई अवैध लकड़ी की अनुमानित कीमत लगभग 3 लाख रुपए आंकी गई है। यह पूरा मामला वन विभाग की सतर्कता से सामने आया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वन परिक्षेत्र अम्ब के अधीन बीट ठठल में तैनात वन रक्षक पूनम ढिल्लों ने पुलिस थाना अम्ब में यह शिकायत दर्ज करवाई है। शनिवार देर शाम वह अन्य वन कर्मियों के साथ लडोली क्षेत्र में गश्त



कर रही थीं। इसी दौरान उनकी नजर एक संदिग्ध पिकअप ट्राले पर पड़ी, जो खैर की लकड़ी से पूरी तरह लदा हुआ था। पिकअप को संदिग्ध अवस्था में देखकर जब वन विभाग की टीम का माथा ठनका, तो उन्होंने आसपास के इलाके की बारीकी से तलाशी ली। इस दौरान पास ही बने एक श्रमिक शैड की जांच करने पर वहां भारी मात्रा में खैर की लकड़ी का अवैध स्टॉक बरामद हुआ। वन रक्षक ने स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए तुरंत उच्च अधिकारियों को सूचित किया। सूचना मिलते ही बीओ अम्ब अन्य कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और पुलिस को भी सूचित कर दिया गया।

### बिना परमिट हो रहा था कटान, महिला के नियंत्रण में है शैड

जांच में यह चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है कि जिस श्रमिक शैड में यह लकड़ी डंप की गई थी, वह पंजोआ निवासी एक महिला के नियंत्रण में है। वन विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार इस क्षेत्र में खैर के पेड़ों की किसी भी प्रकार की अधिकृत कटाई की कोई अनुमति नहीं दी गई है। ऐसे में यह साफ है कि अज्ञात तस्करों ने सरकारी जंगल से अवैध कटान कर इस लकड़ी को शैड में इकट्ठा किया था और पिकअप के जरिए इसे ठिकाने लगाने की फिराक में थे।

### पुलिस ने अवैध लकड़ी सहित वाहन कब्जे में लिया

मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी अम्ब अनिल पटियाल ने बताया कि पुलिस ने वन विभाग की शिकायत पर बीएनएस की धारा 303(2) तथा भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 32, 33, 41 और 42 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने अवैध लकड़ी सहित वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। अब पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम यह पता लगाने में जुटी है कि यह लकड़ी किस जंगल से काटी गई और इस पूरे सिंडिकेट के पीछे किसका हाथ है।

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा साहेब का योगदान देश के लिए ताकत

**बंगाणा/सत्ता संदेश**
कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कांग्रेस कार्यालय जोगीपंगा में अनुसूचित जाति की बैठक में कहा कि भारत आज जिस लोकतांत्रिक व्यवस्था में आगे बढ़ रहा है, उसकी मजबूत नींव भारत रत्न बाबा भीम राव अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान पर टिकी हुई है। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब द्वारा रचित संविधान ने भारत को एक लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और सामाजिक न्याय पर आधारित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों ने देश के हर नागरिक को समान अवसर प्रदान किए।

### हरोली में भी एलपीजी सिलेंडरों को लेकर हाहाकार

**हरोली/सत्ता संदेश**
ऊना जिला में एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर प्रशासन के बड़े-बड़े दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। रविवार को हरोली के कई ग्रामीण क्षेत्रों में गैस की सप्लाई वाली गाड़ी न पहुंचने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बुकिंग करवाने के बावजूद उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे ग्रामीणों में रोष बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बुकिंग होने के बाद सीएसी नंबर मिलने के बावजूद भी गैस की सप्लाई नहीं पहुंची।

### रांगड़ी में करोड़ों का पुल बनने से मिलेगी राहत

**मनाली/सत्ता संदेश**
मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कन्याल रोड़ के जीरो प्वाइंट के पास ब्यास नदी पर रांगड़ी में 75.00 मीटर स्पैन के मोटर योग्य पुल का भूमि पूजन विधि-विधान के साथ किया। ये पुल लगभग 64350359 की लागत से बनकर तैयार होगा। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा आज मनाली विधानसभा क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन है।
क्षेत्र की जनता की सुविधा और सुगम यातायात को प्राथमिकता देते हुए यह पुल न केवल दूरी को कम करेगा, बल्कि आने वाले समय में यहां के पर्यटन, व्यापार और स्थानीय निवासियों के जीवन में खुशहाली के नए द्वार खोलेगा।

# किसान के हाथ में पैसा देने पर काम कर रही सरकार : मुख्यमंत्री

**शिमला/सत्ता संदेश**
हिमाचल प्रदेश सरकार तथा राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य आज यहां मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की उपस्थिति में तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। इन समझौता ज्ञापनों पर प्रदेश सरकार की तरफ से सचिव पशुपालन रितेश चौहान तथा प्रबंध निदेशक दि हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक प्रसंघ समिति अभिषेक वर्मा ने हस्ताक्षर किए, जबकि राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह ने बोर्ड की ओर से हस्ताक्षर किए। पहला समझौता ज्ञापन कांगड़ा मिल्क यूनियन का गठन एवं संचालन, जबकि दूसरा समझौता जिला सिरमौर के नाहन तथा सोलन जिला के नालागढ़ में 20 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता के दो दूध प्रसंस्करण संयंत्रों व जिला हमीरपुर के जलाड़ी और जिला ऊना के झलेड़ा में 20 हजार लीटर प्रतिदिन क्षमता के दो दुग्ध अभिशीतन केन्द्रों की स्थापना व तीसरा समझौता ज्ञापन मिल्कफेड में उद्यम संसाधन प्लानिंग सॉफ्टवेयर लागू करने के बारे में है।




कांगड़ा जिला के ढगवार में 250 करोड़ रुपये की लागत से 1.50 लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता का स्वचालित आधुनिक दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित किया जा रहा है, जिसकी क्षमता भविष्य में तीन लाख लीटर प्रतिदिन तक बढ़ाई जा सकेगी। समझौते के तहत नई मिल्क यूनियन में कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर और चम्बा जिलों को शामिल किया गया है जिससे दुग्ध संग्रहण, प्रसंस्करण और विपणन व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकेगा।

डेयरी क्षेत्र को आधुनिक एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से उद्यम संसाधन प्लानिंग सॉफ्टवेयर लागू किया जा रहा है। इससे दूध संग्रहण, गुणवत्ता परीक्षण, उत्पादन, भंडारण तथा वितरण से संबंधित सभी प्रक्रियाओं का डिजिटल प्रबंधन संभव हो पायेगा।

इस पहल से दूध उत्पादक किसानों का रिकॉर्ड व्यवस्थित होगा तथा उन्हें समय पर और पारदर्शी तरीके से भुगतान किया जा सकेगा। इसके साथ ही उत्पादन प्रबंधन, स्टॉक नियंत्रण और सप्लाई चेन की निगरानी अधिक प्रभावी होगी, जिससे डेयरी संचालन में दक्षता और पारदर्शिता बढ़ेगी।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण अर्थ व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पहले दिन से ही कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र को राज्य सरकार ने प्राथमिकता दी है और यह सिलसिला यहीं रुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से राज्य सरकार सीधे किसान के हाथ में पैसा देने के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा जिला में ढगवार मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट बनने के बाद 'हिम' ब्रांड के गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बाजार में उतारे जाएंगे। उन्होंने कहा कि जब उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर होगी तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत बनेगी और किसानों को उनकी मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे। उन्होंने कहा कि डेयरी क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार के पास धन का कोई अभाव नहीं है और राज्य सरकार प्रदेश के अन्य स्थानों पर भी प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने पर आने वाले समय में 300 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

# राजस्व मंत्री नेगी ने एकलव्य आवासीय विद्यालय का किया दौरा

**किन्नौर/सत्ता संदेश**
किन्नौर जिला के निचार स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का दौरा राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के अध्यापकों के साथ बैठक की और विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही गुणवत्तायुक्त शिक्षा को और सुदृढ़ करने बारे गहनता के साथ विचार-विमर्श किया। जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को विद्यालयों में निर्माणाधीन विभिन्न कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए और जल शक्ति विभाग को सीवरेज प्रणाली को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विद्यालय के आवास में रह रहे बच्चों से सीधा संवाद स्थापित किया, उन्हें मिल रही सुविधाओं का निरीक्षण किया व विद्यार्थियों से उन्हें मिल रही सुविधाओं को और अधिक बेहतर करने के लिए सुझाव भी आमंत्रित किए। इस अवसर पर एकलव्य विद्यालय की प्रधानाचार्य गीतांजलि भूषण ने कैबिनेट मंत्री को विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों बारे विस्तृत जानकारी दी और विद्यालय की समस्याओं से भी अवगत करवाया। इस मौके पर उप-पुलिस अधीक्षक निचार राज कुमार, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति अभिषेक शर्मा, निचार ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष बीर सिंह नेगी, उरनी ग्राम पंचायत के प्रधान अनिल नेगी, कांग्रेस के आईटी मीडिया प्रभारी मनोज नेगी, उपनिदेशक उच्चतर शिक्षा डाक्टर कुलदीप सिंह डोगरा, उपनिदेशक उद्यान डाक्टर शमशेर सिंह ढेहरु सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी गण व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी का जताया आभार

राजस्व मंत्री ने बारो एवं निचार ग्राम पंचायत के स्थानीय लोगों से भी सीधा संवाद किया और पुलिस के अधिकारियों को शाम के समय हुड़दंगियों पर शिकंजा कसने को कहा व साथ ही नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए। इस दौरान नेगी ने पलींगी के समीप करोड़ों की लागत से बन रहे वैकल्पिक मार्ग का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को उसे समयबद्ध सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने निगुलसरी सराय भवन में दुर्गम रूपी पंचायत के लोगों से भेंट की और लोगों ने राजस्व मंत्री का शिगारचा को नई पंचायत बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।

# सोते हुए मालिक की कुल्हाड़ी से वार कर ले ली जान

**बिलासपुर/सत्ता संदेश**
हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। झंडूता विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाली ग्राम पंचायत सलवाड़ के गूगा मल्होट के जंगल में पैसों के कथित लेन-देन को लेकर हुए विवाद में एक नौकर ने अपने ही मालिक की कुल्हाड़ी से काटकर बेरहमी से हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी नौकर मौके से फरार हो गया है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है। एसपी बिलासपुर संदीप धवल खुद मौके पर पहुंचकर जांच की कमान संभाल रहे हैं।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान संजू (46) पुत्र गौरी दत्त निवासी खोपड़ी जिला कुल्लू के रूप में की गई है, जबकि आरोपी नौकर प्रदीप कुमार कांगड़ा जिले के पालमपुर का निवासी बताया जा रहा है। ये लोग (एक मालिक और दो नौकर) अपनी भेड़-बकरियों (पशुधन) के साथ बीते दिसम्बर महीने से गूगा मल्होट के जंगल में डेरा डाले हुए थे। बताया जा रहा है कि बीती रात मालिक और आरोपी नौकर के बीच पैसों के कथित लेन-देन को लेकर तीखी बहसबाजी हुई थी। इसके बाद आरोपी नौकर ने गहरी नींद में सो रहे मालिक पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले के दौरान मालिक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी नौकर जंगल के रास्ते फरार हो गया। वहीं दूसरे नौकर ठाकुर सिंह निवासी मंडी ने हिम्मत जुटाकर घटना की सूचना तुरंत पुलिस थाना तलाई को दी। सूचना मिलते के बाद तलाई पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी बिलासपुर संदीप धवल भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और जांच की जा रही है।

# गांवों में नहीं मिल रहे गैस सिलेंडर, उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानियां

**गगरेट/सत्ता संदेश**
अमरीका-इजराइल व ईरान में छिड़ी जंग के बाद एलपीजी पाने के लिए पैदा हुए जंग जैसे हालात ने ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे एलपीजी उपभोक्ताओं की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। नए फरमान के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में एलपीजी का रिफिल 45 दिन बाद ही मिल सकेगा लेकिन जिनके पास मात्र एक ही सिलेंडर है वे कहां जाएंगे, ये बताने को कोई तैयार नहीं है। दरअसल हिमाचल प्रदेश के ग्रामीण परिवेश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत हर उस घर तक एलपीजी कनेक्शन पहुंचाए गए जहां पर गैस कनेक्शन नहीं था।



मौजूदा समय में हिमाचल प्रदेश में लगभग हर घर में एलपीजी कनेक्शन मौजूद है। ज्यादातर ग्रामीण परिवारों में एक सिलेंडर वाले ही कनेक्शन हैं। एलपीजी की आदत ने ठीक वहीं काम किया जो सरकार चाहती थी। यानी ग्रामीण क्षेत्रों में भी गृहणियों ने अब चूल्हा जलाना बंद कर दिया। अब जिन परिवारों में पांच या छह सदस्य हैं वे भला एक गैस सिलेंडर को कैसे 45 दिन चलाएंगे। यही नहीं इनके पास अब कोई दूसरा विकल्प भी नहीं है।

ऐसे में अब घर का चूल्हा कैसे जलेगा इसे लेकर गृहणियां चिंतित हैं। कम से कम उन परिवारों को तो 25 दिन में एलपीजी सिली देर रिफिल करवाने की अनुमति मिलनी ही चाहिए जिनके पास महज एक सिलेंडर है। वास्तव में अगर एलपीजी किल्लत नहीं है तो फिर क्यों लोगों को बेवजह परेशान किया जा रहा है, यह बात समझ से परे है। उधर शहीद सुनील गैस एजेंसी के संचालक बलवंत सिंह का कहना है कि कंपनी द्वारा तय नियमों से बाहर वह नहीं जा सकते। उधर खाद्य आपूर्ति नियंत्रक जिला ऊना राजीव ठाकुर का कहना है कि इस बावत उच्चाधिकारियों से बात की जाएगी। वैसे मंगलवार तक जिले में मिट्टी के तेल की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है।



# जोगीपंगा में विधायक विवेक शर्मा ने बांटे चेक

**बंगाणा/सत्ता संदेश**
कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने अपने विधानसभा क्षेत्र के कार्यालय जोगी पंगा में कार्यक्रम का आयोजन करते हुए कुटलैहड़ क्षेत्र के जरूरतमंद परिवारों और शैक्षणिक संस्थानों को आर्थिक सहायता प्रदान की। इस अवसर पर विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ क्षेत्र के 71 जरूरतमंद परिवारों को कुल 3 लाख 40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता के चेक वितरित किए। इसके साथ ही कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के 37 सरकारी स्कूलों को कुल 1 लाख 88 हजार रुपये के अलग-अलग चेक भी प्रदान किए गए, ताकि स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा सके।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, पंचायत प्रतिनिधि, स्कूल प्रबंधन समितियों के सदस्य तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आर्थिक सहायता से उन्हें अपने दैनिक जीवन की आवश्यकताओं को पूरा करने में बड़ी राहत मिलेगी। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि उनकी प्राथमिकता कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के हर उस परिवार तक सहायता पहुंचाना है। इस मौके पर एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल तहसीलदार बंगाणा अमित कुमार खंड बिकास अधिकारी के एल वर्मा कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा कार्यकारी अध्यक्ष विवेक मिंका अजय कुमार केवल कृष्ण शर्मा मोहित शर्मा जितेंद्र कुमार जोगेंद्र देव आर्य के अलावा पंचायत प्रतिनिधि प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में गणमान्य मौजूद रहे।

### चम्बा के दो आरोपी 114.2 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार

**इंदौरा/सत्ता संदेश**
जिला नूरपुर की सीआईए टीम ने 114.2 ग्राम चरस सहित 2 व्यक्ति गिरफ्तार किए हैं। दोनों आरोपी चम्बा जिले के रहने वाले हैं। एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व नशा विरोधी अभियान के दौरान क्षेत्र कंडवाल, भदरोया, डमटाल व छन्नी आदि में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि 2 व्यक्ति राष्ट्रीय उच्चमार्ग-44 के पास एक्साइज बैरियर भदरोया के समीप सड़क किनारे बैठे हुए हैं तथा उनके पास एक कैरी बैग में भारी मात्रा में चरस मौजूद है और वे इसे बेचने की फिराक में हैं। सूचना को पुख्ता मानते हुए पुलिस टीम ने स्वतंत्र गवाहों को साथ लेकर मौके पर दबिश दी। मौके पर 2 संदिग्ध व्यक्ति बैठे हुए पाए गए। पूछताछ करने पर उन्होंने अपनी पहचान बलदेव (44) पुत्र नन्द लाल निवासी गांव मकण, डाकघर सनवाल, तहसील चुराह, जिला चम्बा के रूप में बताई।

# एक ही रात में दो घरों से उड़ाए लाखों के गहने और नकदी

**शिमला/सत्ता संदेश**
शिमला जिले के कुमारसैन थाना क्षेत्र में शातिर चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए एक ही रात में चोरी की दो बड़ी वारदातों को अंजाम दिया है। चोरों ने चालान और लवाण गांवों में दो रिहायशी मकानों से लाखों रुपए के सोने-चांदी के गहने और नकदी उड़ा लिए। वहीं, पुलिस ने दोनों मामलों को दर्ज कर गहन छानबीन शुरू कर दी है।

पहली घटना चालान गांव की है। पीड़ित मोहन लाल डोगरा (58) ने पुलिस को बताया कि 14 मार्च की रात करीब 9:30 बजे पूरा परिवार सो गया था। अगली सुबह जब उनकी पत्नी पूजा वाले कमरे में सफाई करने पहुंचीं, तो वहां रखा ट्रंक गायब मिला। तलाश करने पर घर से करीब 150 मीटर दूर झाड़ियों में ट्रंक बरामद हुआ, लेकिन वह पूरी तरह खाली था। चोरों ने ट्रंक से सोने का मंगलसूत्र, दो अंगूठियां, झुमके, नथ, चांदी के बर्तन और 10 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया।

पुलिस के मुताबिक, उसी रात चोरों ने पड़ोस के लवाण गांव में पूर्ण चंद के घर में भी बड़ी चोरी की। चोरों ने यहां से तीन चैन वाला सोने का मंगलसूत्र, चार सोने की अंगूठियां (महिला व पुरुष) और अन्य आभूषणों सहित करीब 40 हजार रुपये की नकदी चुरा ली। एक ही रात में दो वारदातों से स्थानीय ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर भारी रोष और डर का माहौल है। कुमारसैन थाना पुलिस ने दोनों शिकायतों के आधार पर बीएनएस की धारा 305 और 331(4) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच का जिम्मा महिला मुख्य आरक्षी सविता को सौंपा गया है।

# बिजली लाइन पर काम कर रहे कर्मचारी की करंट लगने से मौत

**शिमला/सत्ता संदेश**
हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के भरमौर उपमंडल में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां बिजली लाइन पर मरम्मत कार्य के दौरान करंट लगने से एक कर्मचारी की जान चली गई। घटना शुक्रवार दोपहर की है, जब एडीआईटी-06 के पास कार्य चल रहा था। परिजनों ने इस मौत के लिए बिजली सब-स्टेशन के सुपरवाइजर और संबंधित जेएसडब्ल्यू कंपनी प्रबंधन की घोर लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

मृतक की पहचान टटरोग निवासी छम्मू (पुत्र बशीर मोहम्मद) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, छम्मू और उसका भाई महबूब पिछले दो वर्षों से खड़ामुख-बैराज साइट के बीच बिजली लाइन बिछाने का काम कर रहे थे। 13 मार्च को पोल पर चढ़ने से पहले छम्मू ने मच्छेत्तर सब-स्टेशन के सुपरवाइजर बृज मोहन को फोन कर बिजली आपूर्ति बंद करने का आग्रह किया था। सब-स्टेशन से लाइन बंद होने की पुष्टि मिलने के बाद ही छम्मू पोल पर चढ़ा, लेकिन अचानक करंट लगने से वह बुरी तरह झुलस गया। करंट का झटका इतना तेज था कि वह पोल से असंतुलित होकर करीब 25 मीटर गहरी ढांक (खाई) में जा गिरा। घटना के तुरंत बाद मृतक के भाई और कंपनी के कर्मचारियों ने उसे सिविल अस्पताल भरमौर पहुंचाया, लेकिन जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही सब-इंस्पेक्टर संदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अस्पताल पहुंचकर शव को कब्जे में लिया।

# मुकेश अग्निहोत्री ने नवाजे होनहार, लाइब्रेरी को 12 लाख

**हरोली/सत्ता संदेश**
प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय महाविद्यालय हरोली में शनिवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य, स्टाफ और विद्यार्थियों ने मुख्य अतिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। लोकनृत्य, गीत-संगीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि मुकेश अग्निहोत्री ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और



अनुशासन के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है और शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को अपनाना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से आधुनिक तकनीक और नवाचार को अपनाकर समाज और प्रदेश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने शैक्षणिक, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में लोगों की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे हैं। इसके तहत पूरे क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों का व्यापक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है, ताकि किसी भी प्रकार की घटना होने की स्थिति में संबंधित अपराधियों की शीघ्र पहचान कर कानूनी करवाई अमल में लाई जा सके। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणजीत राणा और अशोक ठाकुर, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, प्रिंसीपल प्रो. राजिन्दर कुमार, हरोली इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के चेयरमैन राकेश कौशल, संदीप अग्निहोत्री, हरोली की पूर्व प्रधान रमन कुमारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

उपमुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप 51 हजार रुपए देने की घोषणा की। इसके साथ ही, हरोली कालेज में लाइब्रेरी के लिए 12 लाख रुपए प्रदान करने की घोषणा भी की, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन संसाधन उपलब्ध हो सकें और उनकी शैक्षणिक प्रगति को और अधिक बल मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली ट्रांसफार्मर से कॉपर को निकाल ले गए चोर

**शिमला/सत्ता संदेश** : हिमाचल की राजधानी के शांत ग्रामीण इलाकों में अब मेटल चोरों की सक्रियता बिजली विभाग और पुलिस के लिए सिरदर्द बनने लगी है। ताजा मामला सुन्नी तहसील के तहत आने वाले जलोग क्षेत्र का है, जहाँ शातिरों ने एक भारी-भरकम ट्रांसफार्मर को ही अपना निशाना बना डाला। तांबे (कॉपर) के लालच में चोरों ने बिजली की सप्लाई लाइन को ठप करते हुए सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुँचाया है।

**क्या है पूरा मामला?**
विद्युत उपमंडल जलोग के अंतर्गत आने वाले एलआईएस स्टेज जैशी में स्थापित 100 केवीए क्षमता का एक ट्रांसफार्मर अचानक शोपीस बनकर रह गया। जब विभाग के अधिकारियों ने इसकी जांच की, तो पता चला कि इसके भीतर का सबसे कीमती हिस्सा—कॉपर कोर—गायब है। बिजली विभाग की ओर से क्यारली विद्युत मंडल में तैनात कनिष्ठ अभियंता धर्मेंद्र कुमार ने इस चोरी की आधिकारिक शिकायत सुन्नी थाना में दर्ज करवाई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस चौकी जलोग के मुख्य आरक्षी तिलक राज ने टीम के साथ मौके का मुआयना किया और साक्ष्य जुटाए।

### खिड़की की ग्रिल उखाड़ कर नकदी-गहने ले उड़े शातिर

**ज्वालामुखी/सत्ता संदेश** : कांगड़ा जिले के ज्वालामुखी क्षेत्र और इसके आसपास के इलाकों में इन दिनों चोरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। बेखौफ चोर अब न तो भगवान के मंदिरों को छोड़ रहे हैं और न ही इंसानों के घरों को। ताजा मामला अंब सलेतर वार्ड नंबर-2 से सामने आया है, जहां एक दुकानदार के घर में सेंधमारी कर चोरों ने लाखों रुपए की नकदी और गहनों पर हाथ साफ कर दिया। लगातार हो रही इन वारदातों से क्षेत्र के लोगों में भारी रोष और दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंब सलेतर वार्ड नंबर-2 के निवासी और पेशे से दुकानदार वीरेंद्र कुमार के घर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। घटना के समय वीरेंद्र कुमार अपने घर के दूसरे कमरे में सो रहे थे। चोरों ने बड़ी ही चालाकी से मकान के साइड में लगी खिड़की की ग्रिल को उखाड़ा और अंदर प्रवेश किया। हैरान करने वाली बात यह है कि जिस कमरे में चोरी हुई, उस पर बाहर से ताला लगा हुआ था। चोरों ने खिड़की के रास्ते अंदर घुसकर पूरे कमरे का सामान बुरी तरह बिखेर दिया। परिजनों के अनुसार शातिर घर से करीब 2 लाख रुपए की नकदी और कीमती गहने लेकर फरार हो गए। चोरी हुई इस नकदी में लगभग 40 हजार रुपए के नोटों के हार भी शामिल थे, जो घर में रखे हुए थे। सुबह जब परिजनों ने कमरे का हाल देखा, तो उनके होश उड़ गए।

### पैर फिसलने से कुएं में जा गिरा युवक, मौत

**कांगड़ा/सत्ता संदेश** : कांगड़ा जिले के उपमंडल थुरल की ग्राम पंचायत डूहक के गांव डूहक कलां में एक हृदयविदारक घटना सामने आई। यहां पूजा के लिए कुएं से पानी भरने गए 25 वर्षीय युवक की पैर फिसलने और पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान अक्षय जम्वाल पुत्र गन्धर्व सिंह जम्वाल के रूप में हुई है। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह करीब 7:30 बजे अक्षय घर के पास स्थित कुएं पर पूजा के लिए जल लेने गया था। पानी निकालते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे कुएं में जा गिरा। बताया जा रहा है कि अक्षय को तैरना नहीं आता था, जिस कारण वह गहरे पानी में डूब गया। जब काफी देर तक अक्षय घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कुएं के पास पहुंचने पर उन्होंने पानी में अक्षय की चप्पलें तैरती देखीं। अनहोनी की आशंका होते ही उन्होंने शोर मचाया गया, जिस पर गांव के दो साहसी युवक अंकू और विवेक मौके पर पहुंचे, जिन्होंन क ी मशक्कत के बाद अक्षय को गहरे पानी से बाहर निकाला। परिजन अक्षय को तुरंत सिविल अस्पताल थुरल ले गए लेकिन वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं डूहक पंचायत की प्रधान अंचनी देवी ने बताया कि पीड़ित परिवार बेहद गरीब है। जवान बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### इंद्रूनाग मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**शिमला/सत्ता संदेश** : ग्राम पंचायत होली के गुसाल और सुटकर गांव में चैत्र माह की संक्रांति के मौके पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एकदिवसीय खेडी जातर मेला धार्मिक श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसके साथ ही गुसाल गांव स्थित भुई भगवती और सुटकर गांव स्थित इंद्रू नाग के मंदिरों के कपाट श्रद्धालुओं के खोल दिए गए हैं। मान्यता है कि चैत्र माह की संक्राति के बाद सभी देवी-देवता अपने-अपने पवित्र स्थल पर विराजमान हो जाते हैं। शनिवार सवेरे से ही भुई भगवती व इंद्रू नाग मंदिर में माथा टेकने के लिए लोगों की भीड उमडने आरंभ हो गई थी। इस दौरान मंदिर में लोगों ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर लोगों की भीड से भरे दिखे। मंदिर के पुजारी प्रदीप कुमार ने बताया कि इस दिन मंदिर के गुर देवीय भाषा में बताते हैं कि आने वाला समय क्षेत्र के किसानों और बागवानों के लिए कैसा रहेगा। और अगर भविष्य में कोई संकट है तो उसका उपाय कैसे करें। भूई मंदिर और इंद्रू नाग मंदिर में समिति की ओर से जातर मेले के उपलक्ष्य पर भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैंकडों की तादाद में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।

CMYK

## संपादकीय

सीएम सुखविंदर सुक्खू ने कहा चुनौतियों के बावजूद

# शिक्षा और स्वास्थ्य बजट में नहीं होगी कोई कटौती

सीएम ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज यहां उच्च शिक्षा में सुधारों पर आयोजित एक दिवसीय प्रधानाचार्य सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि वित्तीय चुनौतियों के बावजूद शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों के बजट में कोई कटौती नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और दूरदराज क्षेत्रों में भी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों में आत्मविश्वास का संचार करना अत्यंत आवश्यक है ताकि वे भविष्य की चुनौतियों का पूर्ण आत्मविश्वास और प्रभावी ढंग से सामना कर सकें। इस दिशा में शिक्षा और शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। शिक्षा क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए सरकार ने कई पहल की हैं। उन्होंने विज्ञान, वाणिज्य और ललित कला जैसे विशेष महाविद्यालय खोलने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि हमीरपुर में 50 बीघा भूमि पर एक विज्ञान कॉलेज स्थापित किया जा रहा है, जिसके लिए सरकार ने 20 करोड़ रुपये जारी किए हैं। इसके अतिरिक्त राज्यभर में वाणिज्य और अन्य विशेष कॉलेज भी स्थापित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा में मौजूदा कमियों को दूर करने के लिए और इस दिशा में सार्थक सुधार लाने के दृष्टिगत प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहायक प्राध्यापकों के 400 और जूनियर सहायक प्राध्यापकों के भी 400 पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कॉलेजों में न्यू एज के पाठ्यक्रम और अतिरिक्त भाषा कार्यक्रम शुरू करने के निर्देश दिए ताकि विद्यार्थियों की रोजगार प्राप्त करने की क्षमता बढ़ सके। महाविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों की तर्ज पर कॉलेज रैंकिंग प्रणाली भी लागू की गई है।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि शिक्षा विभाग का पुनर्गठन करते हुए स्कूल शिक्षा निदेशालय और उच्च शिक्षा निदेशालय की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि राज्य के शिक्षक बहुत सक्षम हैं और ये सुधार उन्हें और बेहतर प्रदर्शन करने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि सीबीएसई स्कूलों की शुरुआत के बाद इनमें छात्रों के दाखिलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अगले दो महीनों में इन स्कूलों में आवश्यकतानुसार सभी शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र का सुदृढ़ीकरण सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है। सरकार के प्रयासों से मेडिकल कॉलेजों में अत्याधुनिक एमआरआई मशीनें स्थापित की गई हैं और स्वास्थ्य संस्थानों में चरणबद्ध तरीके से रोबोटिक सर्जरी सुविधा की शुरूआत की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के पुरानी पेंशन योजना के बहाली के निर्णय के फलस्वरूप केन्द्र सरकार ने राज्य को मिलने वाला राजस्व घाटा अनुदान बंद कर दिया गया है और 1600 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता भी प्रदान नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि ओपीएस कोई राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि सरकारी कर्मचारी सम्मानजनक तरीके से वृद्धावस्था में जीवन व्यतीत कर सकें इसलिए सामाजिक सुरक्षा देने के लिए लिया गया निर्णय है।

मुख्यमंत्री ने राजकीय महाविद्यालयों की इंटरनल रैंकिंग भी जारी की। समग्र रैंकिंग में राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर पहले स्थान पर रहा, राजकीय महाविद्यालय संजौली दूसरे और राजकीय कन्या महाविद्यालय, शिमला तीसरे स्थान पर रहा। टियर-1 में राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर पहले, संजौली कॉलेज दूसरे और राजकीय कन्या महाविद्यालय, शिमला तीसरे स्थान पर रहा। टियर-2 में राजकीय महाविद्यालय भोरंज पहले, राजकीय महाविद्यालय सरस्वतीनगर (शिमला) दूसरे और राजकीय महाविद्यालय सुन्नी तीसरे स्थान पर रहा। टियर-3 में राजकीय महाविद्यालय कफोटा पहले, राजकीय महाविद्यालय दाड़लाघाट दूसरे और राजकीय महाविद्यालय चैलकोटी तीसरे स्थान पर रहा। मुख्यमंत्री ने सभी शीर्ष रैंकिंग वाले कॉलेजों को सम्मानित किया और प्रत्येक को एक-एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश संस्कृत अकादमी का विक्रमी संवत कैलेंडर भी जारी किया और बिलासपुर, धर्मशाला तथा चौड़ा मैदान के राजकीय महाविद्यालयों की डिजिटल पहलों का वर्चुअल शुभारम्भ किया।

– जितेंद्र कुमार, सम्पादक

सत्ता संदेश

RNI : PBHIN/25/A4135

पब्लिशर, एडिटर, मालिक जितेंद्र कुमार और प्रिंटर अश्मीत सिंह ने न्यूजपेपर 'सत्ता संदेश' (हिन्दी साप्ताहिक), ने मुंजाल प्रिंटर्स 1558/1 अमरपुरा, माता वाली गली, सिविल अस्पताल के पास, लुधियाना, पंजाब - 141008 से छपवाकर अपने आफिस पीएल-42, वर्धमान पार्क, चंडीगढ़ रोड, मुंडियां कलां, लुधियाना, पंजाब - 141015 से प्रकाशित किया।

Publisher, Editor, Owner Jitender Kumar and Printer **ASHMEET SINGH** Newspaper Title **'SATTA SANDESH' (HINDI WEEKLY)**, Printed at Munjal Printers 1558/1 Amarpura Mata Wali Gali, Near Civil Hospital, Ludhiana, Punjab - 141008 and Published from PL 42, Vardhman Park, Chandigarh Road, Mundian Kalan, Ludhiana, Punjab - 141015

M. + 91 92162 42177
Email : sattasandesh25@gmail.com

# बिहार के लिए पशुधन और दुग्ध उत्पादन क्षेत्र विकास की योजनाएं

क से ग राज्य एवं केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा पशुधन एवं दुग्ध उत्पादन क्षेत्रों के लिए किए जा रहे प्रयासों को पूरक बनाने हेतु भारत सरकार का पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन विभाग बिहार सहित देश में निम्नलिखित कार्यक्रम कार्यान्वित कर रहा है :

राष्ट्रीय गोकुल मिशन का उद्देश्य स्वदेशी मवेशी नस्लों का विकास और संरक्षण, मवेशी आबादी का आनुवंशिक उन्नयन और दुग्ध उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि करना है, जिससे किसानों को दुग्ध उत्पादन से अधिक लाभ मिल सके। राष्ट्रीय गोकुल मिशन के परिणामस्वरूप स्वदेशी नस्लों की गायों और भैंसों सहित अधिक दूध देने वाले मवेशियों की आबादी में वृद्धि हो रही है। राष्ट्रव्यापी कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों में 33.39 लाख दुग्ध उत्पादक किसानों को लाभ प्राप्त हुआ है।

राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) रोजगार सृजन, उद्यमिता विकास, प्रति पशु उत्पादकता में वृद्धि और इस प्रकार मांस, बकरी का दूध, अंडे और ऊन के उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से विकास कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यान्वित किया जाता है। इस योजना में निम्नलिखित तीन उप-मिशन हैं:- (क) पशुधन और मुर्गीपालन की नस्ल विकास पर उप-मिशन; (ख) चारा और पशु आहार विकास पर उप-मिशन और (ग) नवाचार और विस्तार पर उप-मिशन। राष्ट्रीय पशुधन मिशन उद्यमिता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार के लिए 70 लाख रुपये की परियोजना लागत वाली 2 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है और लाभार्थियों को 14 लाख रुपये की सब्सिडी राशि जारी की गई है।

**पशु आहार एवं चारा संबंधी उप-मिशन में निम्नलिखित घटक शामिल हैं :**

- गुणवत्तापूर्ण चारा बीज उत्पादन के लिए सहायता
- पशु आहार और चारे के क्षेत्र में उद्यमशीलता गतिविधियां
- चारा बीज प्रसंस्करण अवसंरचना (प्रसंस्करण एवं श्रेणीकरण इकाई/ चारा बीज भंडारण गोदाम) के लिए उद्यमियों की स्थापना
- 'गैर-वन बंजर भूमि/चारागाह/गैर-कृषि योग्य भूमि से चारा उत्पादन' और 'वन भूमि से चारा उत्पादन'

**पशुधन बीमा कार्यक्रम :**

पशुओं के बीमा कवरेज के लिए प्रीमियम के हिस्से के रूप में राज्य सरकार को 60:40 या 90:10 के अनुपात में सहायता प्रदान की जाती है। लाभार्थी प्रीमियम का 15 प्रतिशत हिस्सा वहन करता है। सब्सिडी का लाभ प्रति परिवार 10 पशुओं तक सीमित है।

**पशुपालन अवसंरचना विकास कोष (एएचआईडीएफ) :**

एएचआईडीएफ पशुधन उत्पाद प्रसंस्करण और विविधीकरण अवसंरचना के निर्माण/मजबूती के लिए 3 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज सब्सिडी प्रदान करता है, जिससे असंगठित उत्पादक सदस्यों को संगठित बाजार तक अधिक पहुंच प्राप्त होती है।

**राष्ट्रीय दुग्ध विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी): एनपीडीडी को निम्नलिखित 2 घटकों के साथ कार्यान्वित किया जाता है :**



एनपीडीडी का घटक ए राज्य सहकारी डेयरी संघों/जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ/ स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी)/ दुग्ध उत्पादक कंपनियों/ किसान उत्पादक संगठनों के लिए गुणवत्तापूर्ण दुग्ध परीक्षण उपकरण और प्राथमिक शीतलन सुविधाओं के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण/मजबूतीकरण पर केंद्रित है।

एनपीडीडी योजना का घटक बी ''सहकारी समितियों के माध्यम से दुग्ध उत्पादन'' का उद्देश्य किसानों की संगठित बाजार तक पहुंच बढ़ाकर, दुग्ध प्रसंस्करण सुविधाओं और विपणन अवसंरचना को उन्नत करके और उत्पादक स्वामित्व वाली संस्थाओं की क्षमता बढ़ाकर दूध और दुग्ध उत्पादों की बिक्री बढ़ाना है।

एनपीडीडी योजना के अंतर्गत बिहार भर में 19 परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है, जिनकी कुल परियोजना लागत 34601.85 लाख रुपये है, जिसमें केंद्र सरकार का हिस्सा 25433.07 लाख रुपये है। इसमें से 28 फरवरी, 2026 तक 24124.29 लाख रुपये जारी किए जा चुके हैं। इस योजना का लाभ राज्य के सभी दुधारू किसानों को मिल रहा है।

डेयरी गतिविधियों में लगे डेयरी सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों (एसडीसीएफपीओ) को सहायता प्रदान करना : प्रतिकूल बाजार स्थितियों या प्राकृतिक आपदाओं के कारण उत्पन्न संकट से उबरने के लिए सॉफ्ट वर्किंग कैपिटल ऋण के संबंध में ब्याज सब्सिडी (नियमित 2% और शीघ्र पुनर्भुगतान पर अतिरिक्त 2 प्रतिशत) प्रदान करके राज्य डेयरी सहकारी संघों की सहायता करना।

किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) पशुपालन और दुग्ध उत्पादन करने वाले किसानों को कार्यशील पूंजी ऋण प्रदान करते हैं। भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय की संशोधित ब्याज सब्सिडी योजना (एमआईएसएस) के तहत केसीसी कार्डों के माध्यम से पशुपालन, दुग्ध उत्पादन और मत्स्य पालन गतिविधियों के लिए आवश्यक कार्यशील पूंजी पर बैंकों को 1.5 प्रतिशत की ब्याज सब्सिडी और किसानों को 3 प्रतिशत का शीघ्र पुनर्भुगतान प्रोत्साहन दिया जाता है, जो 2 लाख रुपये तक हो सकता है। इससे दुग्ध उत्पादन करने वाले किसानों को बेहतर गुणवत्ता वाले चारे, पशु चिकित्सा देखभाल और उन्नत प्रजनन तकनीकों में निवेश करने में मदद मिलती है। 31 मार्च, 2025 तक, बिहार में 2,54,408 केसीसी खाते चालू थे, जिन पर 1289.73 करोड़ रुपये की बकाया राशि थी।

पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (एलएचडीसीपी) पशु रोगों के खिलाफ निवारक टीकाकरण, पशु चिकित्सा सेवाओं की क्षमता निर्माण, रोग निगरानी और पशु चिकित्सा अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए कार्यान्वित किया जाता है। साथ ही, इस योजना के अंतर्गत पशु औषधि का एक नया घटक जोड़ा गया है, जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्रों (पीएम-केएसके) और सहकारी समितियों के माध्यम से देश भर में सस्ती जेनेरिक पशु चिकित्सा दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इससे जेनेरिक दवाओं के लिए एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार होगा जो सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली होंगी। अब तक बिहार में एफएमडी के खिलाफ 8.09 करोड़ टीकाकरण किए गए हैं, जिससे 64.68 लाख दुधारू किसानों को लाभ हुआ है।

# सहारा सहकारी समितियों में धन की वापसी की स्थिति

बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 के उपबंधों के अधीन पंजीकृत सहकारी समितियां स्वायत्त सहकारी संगठनों के रूप में कार्य करती हैं और अपने सदस्यों के प्रति जवाबदेह होती हैं । बहुराज्य सहकारी समितियां, बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 और उसके अधीन निर्मित नियमों के उपबंधों के साथ पठित समिति की अनुमोदित उपविधियों के अनुसार कार्य करते हैं, जिसमें सदस्य, बोर्ड, समिति के साधारण निकाय और सहकारी समितियों के केंद्रीय रजिस्ट्रार (सीआरसीएस) की भूमिका और शक्तियां शामिल हैं ।

बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 की धारा 49 के उपबंधों के अनुसार सदस्यों को प्रवेश देने, जमाकर्ताओं से जमाराशि स्वीकरण और उन्हें रिफंड, आदि जैसे व्यावसायिक मामले समिति के बोर्ड की शक्तियों और कार्यों के अधीन आते हैं और समिति का दैनंदिन प्रबंधन बहुराज्य सहकारी सोसाइटी अधिनियम, 2002 की धारा 52 के उपबंधों के अनुसार समिति के मुख्य कार्यपालक की शक्तियों और कार्यों के अधीन आता है ।




अग्रेतर, सहकारिता मंत्रालय द्वारा रिट याचिका (सि) सं.191/2022 (पिनाक पाणी मोहंती बनाम् भारत संघ और अन्य) में दायर अंतर्वर्ती आवेदन में माननीय उच्चतम न्यायालय ने दिनांक 29.03.2023 को अन्य बातों के साथ-साथ यह आदेश दिया कि :

(i) Out of the total amount of Rs. 24,979.67 Crores lying in the "Sahara-SEBI Refund Account", Rs. 5000 Crores be transferred to the Central Registrar of Cooperative Societies, who, in turn, shall disburse the same against the legitimate dues of the depositors of the Sahara Group of Cooperative Societies, which shall be paid to the genuine depositors in the most transparent manner and on proper identification and on submitting proof of their deposits and proof of their claims and to be deposited in their respective bank accounts directly.

(ii) The disbursement shall be supervised and monitored by Justice R. Subhash Reddy, Former Judge of this Court with the able assistance of Shri Gaurav Agarwal, learned Advocate, who is appointed as Amicus Curiae to assist Justice R. Subhash Reddy as well as the Central Registrar of Cooperative Societies in disbursing the amount to the genuine depositors of the Sahara Group of Cooperative Societies. The manner and modalities for making the payment is to be worked out by the Central Registrar of Cooperative Societies in consultation with Justice R. Subhash Reddy, Former Judge of this Court and Shri Gaurav Agarwal, learned Advocate.

माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 29.03.2023 के आदेश के अनुपालन में सहारा समूह की चार बहुराज् य सहकारी समितियों, अर्थात् सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लि., लखनऊ; सहारायन यूनिवर्सल मल्टीपर्पज़ सोसाइटी लि., भोपाल; हमारा इंडिया क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी लि., कोलकाता और स्टार्स मल्टीपर्पज़ कोऑपरेटिव सोसाइटी लि., हैदराबाद के प्रामाणिक जमाकर्ताओं को उनकी वैध धनराशि के रिफंड दावे प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 18.07.2023 को सीआरसीएस-सहारा रिफंड पोर्टल https:// mocrefund.crcs.gov.in का शुभारंभ किया गया है ।

संवितरण की यह संपूर्ण प्रक्रिया डिजिटल और कागज़रहित है जिसे न्यायमूर्ति आर. सुभाष रेड्डी, माननीय उच चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश के पर्यवेक्षण और निगरानी में श्री गौरव अग्रवाल, न्यायमित्र की सहायता से संचालित किया जा रहा है।

इस पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों को उचित पहचान और जमाराशि के साक्ष् य प्रस्तुत करने के उपरांत पारदर्शी रीति से प्रोसेस किया जा रहा है । यह भुगतान प्रामाणिक जमाकर्ताओं के आधार से जुड़े बैंक खाते में सीधा जमा किया जा रहा है । वर्तमान में सहारा समूह के प्रत्येक प्रामाणिक जमाकर्ताओं को उनके सत यापित दावों के लिए उनके आधार से जुड़े बैंक खातों के माध् यम से 50,000/- रुपए तक के भुगतान का संवितरण किया जा रहा है । पोर्टल पर किसी जमाकर्ता के प्राप्त आवेदन में किसी कमी की दशा में उन्हें इन कमियों से अवगत कराया जा रहा है और उन्हें दिनांक 15.11.2023 को लॉन्च हो चुकी री-सबमिशन पोर्टल के माध् यम से अपना आवेदन पुनः प्रस्तुत करने की सूचना दी जा रही है।

# केरल में समुद्री मछली उत्पादन और जलीय कृषि उत्पादन में गिरावट

केरल सरकार ने सूचित किया है कि राज्य में कुल समुद्री मछली उत्पादन में समय-समय पर उतार-चढ़ाव देखने को मिला है, लेकिन आईसीएआर-केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई)की अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार समग्र उत्पादन में दीर्घकालिक रूप से कोई महत्वपूर्ण गिरावट दर्ज नहीं की गई है। यह भी बताया गया है कि समुद्री मछली उत्पादन वर्ष 2015 में 4.82 लाख टन से बढ़कर वर्ष 2018 में 6.09 लाख टन हो गया था और बीच के वर्षों में कुछ उतार-चढ़ाव के बाद वर्ष 2024-25 में यह उत्पादन 6.47 लाख टन तक पहुँच गया। पिछले पाँच वर्षों के दौरान केरल में मछली उत्पादन का विवरण संलग्न है।



(ग) एवं (घ) : आईसीएआर - अनुसंधान संस्थान मत्स्य क्षेत्र पर जलवायु संबंधी प्रभावों का समय-समय पर आकलन करते रहे हैं। समुद्री मत्स्यिकी सहित मत्स्य पालन पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार के मत्स्य पालन विभाग ने प्रमुख योजना प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के अंतर्गत समुद्री मत्स्यिकी के संरक्षण, समुद्री मत्स्यिकी के विविधीकरण तथा मैरीकल्चर एवं समुद्री शैवाल की खेती सहित जलीय कृषि को प्रोत्साहित करने के लिए केरल सहित सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में कई कदम उठाए हैं।

पिछले 5 वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान भारत सरकार के मत्स्य पालन विभाग ने पीएमएमएसवाई के अंतर्गत केरल सरकार के 1418.51 करोड़ रुपये के मत्स्य विकास प्रस्तावों को स्वीकृति दी है। स्वीकृत गतिविधियों में मछली भंडार के पुनर्जीवन हेतु केरल तट पर कृत्रिम रीफ इकाइयाँ (42 इकाइयाँ), समुद्री मत्स्यिकी को तटीय क्षेत्रों से बाहर गहरे समुद्र में विस्तारित करने के लिए गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाले पोतों (20) का अधिग्रहण, एकीकृत आधुनिक तटीय मत्स्य ग्राम (9 ), जलवायु अनुकूल ग्राम (6), अतिरिक्त आजीविका गतिविधियाँ जैसे बाइवॉल्व कल टीवेशन (1140 इकाइयाँ), सजावटी मछली पालन एवं प्रजनन (822 इकाइयाँ), मीठे/खारे पानी की जलीय कृषि (283.50 हेक्टेयर), जलाशयों में पिंजरे (493), जलाशयों का समेकित विकास (7), तथा तकनीक आधारित गतिविधियाँ जैसे पुनर्चक्रणीय जलीय कृषि प्रणाली (आरएएस) (708 इकाइयाँ) और बायोफ्लॉक कल्चर (780 इकाइयाँ) शामिल हैं। ये सभी गतिविधियाँ मछली भंडार का पुनर्जीवन करने, तटीय मत्स्य पालन से गहरे समुद्र मत्स्यिकी की ओर विविधीकरण तथा तटीय एवं अंतर्देशीय जलीय कृषि में अतिरिक्त/वैकल्पिक आजीविका सृजन के उद्देश्य से स्वीकृत की गई हैं। केरल सरकार ने सूचित किया है कि राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी) के माध्यम से 'सी रैंचिंग' कार्यक्रम भी लागू किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत स्थापित कृत्रिम रीफ के पास कोबिया और पोम्पानो मछलियों के बीज छोड़े जा रहे हैं।

इसके अतिरिक त पीएमएमएसवाई के अंतर्गत बीज आपूर्ति और शीत श्रृंखला अवसंरचना के संदर्भ में, केरल के लिए मत्स्य अंडा बैंक (1 इकाई), आइस प्लांट/कोल्ड स्टोरेज की स्थापना (16), हॉर्वेस्ट के बाद परिवहन इकाइयाँ (468), जीवित मछली बिक्री केंद्र (77 इकाइयाँ), मूल्य संवर्धित उद्यम (10 इकाइयाँ), रिटेल मार्केट (5 इकाइयाँ) और मछली कियोस्क (90 इकाइयाँ) स्वीकृत की गई हैं। इसके अतिरिक्त, मछली भंडार के पुनर्जीवन के लिए भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में मछली पकड़ने पर पूर्वी तट पर 15 अप्रैल से 14 जून तक और पश्चिमी तट पर 1 जून से 31 जुलाई तक 61 दिनों की अवधि का एकसमान प्रतिबंध लागू है। मछली पकड़ने पर प्रतिबंध की अवधि के दौरान, सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े सक्रिय पारंपरिक मछुआरों को आजीविका और पोषण सहायता प्रदान करने हेतु सरकार द्वारा वित्तीय सहायता दी जाती है, जिसमें केरल में प्रति वर्ष 1,71,033 मछुआरे लाभान्वित होते हैं।

(ई) बाज़ार संबंधों, सहकारी विपणन और डिजिटल प्लेटफ़ॉर्मों को मजबूती प्रदान करने के लिए भारत सरकार के मत्स्य पालन विभाग (डीओएफ) ने मछली और मत्स्य उत्पादों की ई-ट्रेडिंग और ई-मार्केटिंग हेतु ई-प्लेटफ़ॉर्मों को सहायता प्रदान की है। इसके अतिरिक्त, मछुआरों, मत्स्य किसानों और अन्य हितधारकों को वास्तविक समय में मूल्य कीमतों की जानकारी उपलब्ध कराने तथा उन्हें बेहतर मूल्य और लाभप्रदता के लिए बातचीत में सक्षम बनाने के लिए, राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड (एनएफडीबी)ने 'फिश मार्केट प्राइस इंफॉर्मेशन सिस्टम' (एफ एम पी आई एस) लॉन्च किया है, जो वाणिज्यिक रूप से महत्वपूर्ण समुद्री और अंतर्देशीय मछली प्रजातियों के बाजार मूल्यों को संकलित और प्रसारित करता है। साथ ही, भारत सरकार के मत्स्य पालन विभाग ने डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म प्रदान करने और पारंपरिक मछुआरों, मत्स्य सहकारी समितियों, फिश फार्मर्स प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन (एफएफपीओ) और मत्स्य क्षेत्र के उद्यमियों सहित सभी हितधारकों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी)के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके माध्यम से उन् हें अपने उत्पाद ई-मार्केटप्लेस के जरिए खरीदने और बेचने की सुविधा मिलेगी।





# यदि भगत सिंह भारत के पहले प्रधानमंत्री होते तो देश का नक्शा कुछ और होता : भगवंत सिंह मान

■ आज़ादी के इतने सालों बाद भी हम पुराने सिस्टम के गुलाम हैं, क्या भगत सिंह और करतार सिंह सराभा इसी वजह से शहीद हुए थे? ■ चार सालों में सभी वादे पूरे होने से विरोधी बौखलाए, उनके पास चुनाव के समय लोगों के पास जाने के लिए कोई मुद्दा नहीं बचा ■ अकाली-भाजपा और कांग्रेस ने बारी-बारी से पंजाब को लूटा, अब इन पार्टियों को लोग कभी मौका नहीं देंगे ■ सभी विरोधी कुर्सी की लड़ाई लड़ रहे हैं और भगवंत मान लोगों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं ■ मोदी सरकार के तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन में शहीद हुए 750 किसानों को पंजाब भूला नहीं है

**धूरी/सत्ता संदेश**

पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान ने आज कहा कि यदि शहीद-ए-आज़म भगत सिंह देश के पहले प्रधानमंत्री होते, तो आज देश का नक्शा बिल्कुल अलग होता। उन्होंने सवाल करते हुए कहा कि आज़ादी के दशकों बाद भी देश पुराने सिस्टम के जाल में क्यों उलझा हुआ है, जबकि इसी सिस्टम से मुक्ति के लिए भगत सिंह और करतार सिंह सराभा जैसे क्रांतिकारियों ने अपनी जान न्योछावर की थी।

उन्होंने कहा कि यह दीवार पर लिखी बात पढ़ लेनी चाहिए कि वर्ष 2027 में भी आम आदमी पार्टी ही सत्ता में आएगी, क्योंकि चार वर्षों में सभी गारंटियां पूरी कर दी गई हैं और विरोधियों के पास जनता के सामने जाने के लिए कोई मुद्दा नहीं बचा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोधी पार्टियां बारी-बारी से पंजाब को लूटने के बाद अब फिर सत्ता में आने के लिए आपस में लड़ रही हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के दौरान शहीद हुए 750 किसानों को पंजाब अभी तक नहीं भूला है।

आज नए बने सब-डिवीजनल अस्पताल को समर्पित करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷यह दीवार पर लिखी बात पढ़ लेनी चाहिए कि जनहित में लिए गए फैसलों के कारण 'आप' राज्य में दोबारा सरकार बनाएगी।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷पंजाब के लोग 2027 में होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद 'आप' की सरकार बनाने के लिए उत्साहित हैं। वर्ष 2022 में शहीद-ए-आज़म भगत सिंह के पैतृक गांव से सत्ता संभालने के बाद हमारी सरकार ने कई जनहितकारी फैसले लिए। हमने चार वर्षों में अपने सभी वादे पहले ही पूरे कर लिए हैं और आने वाले एक वर्ष में हम राज्य को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे।

शासन व्यवस्था में नई पहल का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷हमने चार साल में सभी वादे पूरे कर राजनीति में एक नई परंपरा शुरू की है, जबकि अन्य पार्टियां पांच साल में भी ऐसा करने में सक्षम नहीं हैं। पहले दिन से ही हमारी सरकार पिछली सरकारों के खराब सिस्टम को सुधार रही है और हम आम आदमी की भलाई के लिए साहसिक फैसले लेने से नहीं हिचकते।÷ उन्होंने आगे कहा, ÷अब कांग्रेस और बादल फिर से राज्य को लूटने का एक और मौका तलाश रहे हैं, जबकि राज्य पहले ही इनके शासनकाल में बहुत कुछ झेल चुका है।

लोगों की भावनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ÷राज्य के समझदार लोग इन्हें कभी भी एक और मौका नहीं देंगे और चुनावों के बाद इन्हें राजनीतिक गुमनामी में भेज दिया जाएगा। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आगे कहा, जिन नेताओं ने नशे के कारोबार को संरक्षण दिया था, उन्हें सलाखों के पीछे भेजा गया है। इन नेताओं ने न केवल राज्य में नशे के व्यापार को बढ़ावा दिया, बल्कि अपनी सरकारी गाड़ियों में नशे बेचे और सप्लाई भी किए। पहले किसी ने भी इन प्रभावशाली नेताओं के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं की थी, लेकिन हमारी सरकार ने ऐसा किया और अब वे अपने कर्मों की सजा भुगत रहे हैं।

इन नेताओं की आपसी मिलीभगत का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷इन राजनीतिक पार्टियों के बीच एक नापाक गठजोड़ बना हुआ था क्योंकि वे राज्य का खजाना लूटने के लिए एक-दूसरे से हाथ मिला लेते थे। जब ये सत्ता में होते थे तो एक-दूसरे के अपराधों को छुपाने के लिए

## धूरी में 21.65 करोड़ की लागत से बने सब-डिविजनल अस्पताल और माता-शिशु स्वास्थ्य देखभाल केंद्र से संगरूर का स्वास्थ्य ढांचा और मजबूत हुआ : सीएम मान

**धूरी/सत्ता संदेश**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज धूरी में 50 बिस्तरों की क्षमता वाले सब-डिविजनल अस्पताल और 30 बिस्तरों की क्षमता वाले माता-शिशु स्वास्थ्य ब्लॉक को लोगों को समर्पित किया। यह परियोजना पंजाब की सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने और संगरूर जिले में स्वास्थ्य ढांचे को बड़ा बढ़ावा देने के लिए मील का पत्थर साबित होगी। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷यह परियोजना बुनियादी ढांचे को मजबूत कर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और डॉक्टरों व स्टाफ की उपलब्धता को बेहतर बनाकर सुलभ एवं मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य व्यवस्था लागू करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इससे न



केवल धूरी शहर बल्कि आसपास के लगभग 70 गांवों के लोगों को भी लाभ मिलेगा, जिससे हजारों लोगों को घर के नजदीक आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने आगे कहा, ÷21.65 करोड़ रुपये की लागत से बना यह कॉम्प्लेक्स लगभग 73,000 वर्ग फुट में फैला अत्याधुनिक भवन है, जो इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा।

## पंजाब द्वारा राजस्थान सरकार से दशकों से पानी के इस्तेमाल का 1.44 लाख करोड़ का बकाया वसूला जाएगा : भगवंत मान



**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

■ **पिछली सरकारों ने 1960 के नए समझौते में पैसे का जिक्र नहीं किया, लेकिन 1920 के समझौते को रद्द नहीं किया**
■ **राजस्थान पानी तो साल 1920 के समझौते के मुताबिक ले रहा, लेकिन बकाया मांगने पर 1960 के समझौते का सहारा ले लेता है**
■ **पंजाब सरकार ने इस मुद्दे को लेकर बैठक करने के लिए राजस्थान को पत्र भी लिखा**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज जोर देकर कहा कि पंजाब सरकार द्वारा राजस्थान सरकार के पास दशकों से बिना भुगतान किए पानी के उपयोग के लिए 1.44 लाख करोड़ रुपये की वसूली का दावा पेश किया जाएगा। उन्होंने साथ ही कहा कि राजस्थान को या तो पंजाब के जायज बकाए जारी करने चाहिए या पानी लेना बंद कर देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने इस व्यवस्था को संचालित करने वाले वर्ष 1920 के ऐतिहासिक समझौते की समीक्षा करने की मांग की।

मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, राजस्थान सरकार वर्ष 1960 से फिरोजपुर फीडर के जरिए निकाले गए पानी के लिए पंजाब को 1.44 लाख करोड़ रुपये की देनदार है, जिसके लिए एक पैसा भी अदा नहीं किया गया है। राजस्थान को या तो पंजाब का जायज बकाया जारी करना चाहिए या पानी लेना बंद करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि साल 1920 के दशक में बीकानेर रियासत, साझा पंजाब और ब्रिटिश राज के बीच हुए एक समझौते के अनुसार राजस्थान प्रति एकड़ के आधार पर पानी का भुगतान करने के लिए सहमत हुआ था। मुख्यमंत्री ने कहा, ÷साल 1960 तक भुगतान किए जाते थे, लेकिन सिंधु जल समझौते के बाद राजस्थान ने लगातार 18,000 क्यूसेक पानी लेने के बावजूद भुगतान करना बंद कर दिया।

राजस्थान के रुख में विरोधाभास का जिक्र करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, आज भी, राजस्थान 1920 के समझौते के तहत पानी ले रहा है, लेकिन जब बकाए के भुगतान की बात आती है तो यह 1960 के समझौते का सहारा ले लेता है।

उन्होंने आगे कहा, उस समय की सरकारों ने 1960 में नई व्यवस्था में शामिल होते समय भुगतान का जिक्र नहीं किया, लेकिन उन्होंने 1920 के समझौते को भी कभी रद्द नहीं किया।

इस मामले में पिछले समय की कार्रवाइयों पर गंभीर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, ÷समझौते में स्पष्ट रूप से हर 25 साल बाद समीक्षा को अनिवार्य किया गया था, लेकिन पिछली सरकारों ने कभी भी इस मुद्दे को नहीं उठाया और न ही पंजाब के जायज दावे की पैरवी की।

ऐतिहासिक संदर्भ को दोहराते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, वर्ष 1920 में ब्रिटिश राज के दौरान बीकानेर के साथ हुए एक समझौते के तहत 1960 तक पंजाब का 18,000 क्यूसेक पानी लगातार सप्लाई किया जाता रहा। हालांकि, सिंधु जल संधि के बाद इस समझौते का कोई जिक्र नहीं था। अगर हम 1960 से 2026 तक के बकाए का हिसाब लगाएं तो राजस्थान पंजाब का 1.44 लाख करोड़ बकाया है।

मुख्यमंत्री ने आगे कहा, ÷हमने यह मुद्दा केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार, दोनों के पास उठाया है।÷ उन्होंने आगे कहा, पंजाब सरकार ने राजस्थान सरकार को इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए बैठक की मांग करने के लिए एक पत्र भी लिखा है।

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने जोर देकर कहा कि पंजाब इस मामले को मजबूती से आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा, ÷हमारी सरकार साल 1920 के समझौते की समीक्षा की मांग करती है ताकि पंजाब अपने जायज बकाए की वसूली कर सके।

## राज्य स्तरीय स्वास्थ्य कैंपों के तहत 37 हजार बुज़ुर्ग नागरिकों का पंजीकरण : डॉ. बलजीत कौर

■ **साडे बुजुर्ग साडा माण के तहत बुजुर्गों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए सरकार की बड़ी पहल**
■ **मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं और सहायक उपकरणों से हजारों बुजुर्ग नागरिकों को मिला लाभ**

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार द्वारा ÷साडे बुजुर्ग साडा माण÷ अभियान के तहत लगाए गए राज्य स्तरीय स्वास्थ्य जांच कैंपों के दौरान लगभग 37 हजार बुजुर्ग नागरिकों का पंजीकरण किया गया है। यह जानकारी सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने दी।



उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार बुजुर्गों को अपना अनमोल धरोहर मानती है और उनकी सुरक्षा तथा सम्मान सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। डॉ. बलजीत कौर ने जोर देकर कहा कि बुजुर्ग हमारे परिवारों और समाज की मजबूत नींव हैं, जिनके अनुभव भविष्य की पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि यह सरकार और समाज दोनों की नैतिक जिम्मेदारी है कि बुजुर्गों को सम्मान, देखभाल और अपनत्व के साथ जीवन बिताने के लिए उपयुक्त वातावरण प्रदान किया जाए। ÷ऐसी पहलों के माध्यम से हम बुजुर्गों के साथ हर चरण पर खड़े रहने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हैं,÷ उन्होंने कहा। उन्होंने आगे बताया कि इन स्वास्थ्य कैंपों में आंखों की जांच, कैंसर स्क्रीनिंग, एनसीडी स्क्रीनिंग, ऑर्थोपेडिक जांच, ईएनटी चेक-अप, फिजियोथेरेपी और विशेषज्ञों द्वारा मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन जैसी सेवाएं प्रदान की गईं।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि मोतियाबिंद सर्जरी के लिए 1756 पंजीकरण किए गए, जिनमें से 539 सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी हो चुकी हैं। इसके अलावा 1274 कैंसर स्क्रीनिंग, 4863 ऑर्थोपेडिक चेक-अप, 6339 एनसीडी स्क्रीनिंग, 9015 आंखों की जांच, 2593 ईएनटी चेक-अप और 1621 फिजियोथेरेपी सेवाएं उपलब्ध करवाई गईं। उन्होंने कहा कि,ळ्ळ के माध्यम से 418 लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें सहायक उपकरण प्रदान किए गए और 3014 विजन चश्मे भी वितरित किए गए हैं। डॉ. बलजीत कौर ने दोहराया कि विभाग बुजुर्ग नागरिकों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसी पहल जारी रखी जाएंगी।

खनन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने विपक्ष नेता को कड़े हाथों लिया

## माइनिंग से 20 हज़ार करोड़ कमाने संबंधी सवाल पर तथ्यों सहित दिया जवाब



**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

■ **पूछा, आपकी सरकार के समय कभी 120 करोड़ रुपये से ऊपर राजस्व क्यों नहीं बढ़ा?**
■ **गोयल ने अपना स्टैंड दोहराया; माइनिंग सुधारों और पोटाश की खोज से पंजाब को 20 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक राजस्व मिल सकता है**

पंजाब के खनन एवं भू-विज्ञान मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज राज्य की खनन आय को 20,000 करोड़ रुपये तक ले जाने संबंधी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के बयान पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा को कड़े हाथों लिया।

खनन गतिविधियों से लगभग 20,000 करोड़ रुपये की आय संभव होने संबंधी पूछे गए प्रश्न के उत्तर में कैबिनेट मंत्री ने तथ्यों सहित जवाब दिया और साथ ही बाजवा से पूछा कि पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान खनन राजस्व कभी 120 करोड़ रुपये से ऊपर क्यों नहीं गया?

उन्होंने कहा कि चल रहे खनन सुधारों और नीतिगत पहलों के माध्यम से इस क्षेत्र से राज्य की आय में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने दोहराया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सरकार द्वारा पोटाश की खोज और प्रगतिशील खनन सुधारों के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयास पंजाब के लिए 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व उत्पन्न करने की क्षमता रखते हैं।

माइनिंग से अनुमानित राजस्व संबंधी अपने पहले दिए गए बयान को स्पष्ट करते हुए कैबिनेट मंत्री ने पंजाब विधानसभा में कहा कि यह अनुमान राजस्थान से सटे पंजाब के कुछ क्षेत्रों, विशेष रूप से फाजिल्का और श्री मुक्तसर साहिब जैसे जिलों में पहचाने गए पोटाश खनिज भंडारों की विशाल संभावनाओं पर आधारित है। उन्होंने बताया कि पोटाश एक महत्वपूर्ण खनिज है, जिसका लगभग 96 प्रतिशत देश द्वारा आयात किया जाता है और पंजाब में इसकी मौजूदगी की संभावनाओं के बारे में पिछली सरकारों ने योजनाबद्ध तरीके से कोई गंभीर पड़ताल नहीं की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार ने इस मुद्दे को केंद्र सरकार और केंद्रीय एजेंसियों के समक्ष लगातार उठाया है।

## स्पीकर द्वारा पंजाब विधानसभा हॉल में मौजूदा विधायकों की लगाई गई तस्वीरों का उद्घाटन

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

पंजाब विधानसभा में पंजाब विधानसभा के 117 सदस्यों की तस्वीरें लगाई गई हैं, जिनमें पंजाब विधानसभा के स्पीकर, पंजाब के मुख्यमंत्री, पंजाब विधानसभा के डिप्टी स्पीकर और विपक्ष के नेता शामिल हैं। इनका उद्घाटन आज पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने किया। उद्घाटन के दौरान कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा , कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा भी मौजूद थे।



पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने आज अपने चैंबर में इस वर्ष सिविल सेवाएं परीक्षा पास करने वाले पंजाब के विद्यार्थियों से मुलाकात की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरी लगन और ईमानदारी के साथ देश की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने पंजाब विधानसभा की कार्यवाही भी देखी। स्पीकर ने सिविल सेवाएं परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों को सरकार और सरकारी कर्मचारियों के बीच सही अंतर के बारे में भी बताया। स्पीकर संधवां ने विद्यार्थियों को लोई और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कैबिनेट मंत्री गुरमीत सिंह खुडियां, हरदीप सिंह मुंडियां और विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने भी इन विद्यार्थियों को बधाई दी।

पंजाब विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से श्री गुरु तेग बहादुर विश्व स्तरीय यूनिवर्सिटी पंजाब बिल, 2026 पारित

## रक्षा प्रौद्योगिकी, एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और साइबर वारफेयर जैसे क्षेत्रों में उत्तरी भारत के पहले विशेष कोर्स शुरू होंगे : हरजोत सिंह बैंस

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

■ **पंजाब सरकार द्वारा अगले तीन वर्षों में यूनिवर्सिटी के लिए 300 करोड़ निवेश का प्रस्ताव**
■ **जुलाई 2026 तक कोर्स शुरू करने के लिए एक अस्थायी कैंपस की पहचान**

पंजाब विधानसभा ने आज पंजाब के शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस द्वारा प्रस्तुत ऐतिहासिक श्री गुरु तेग बहादुर विश्व स्तरीय यूनिवर्सिटी पंजाब बिल, 2026 को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। पंजाब की आध्यात्मिक विरासत को आधुनिक उच्च शिक्षा के साथ जोड़ने की दिशा में उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम के तहत पवित्र नगरी श्री आनंदपुर साहिब में एक अत्याधुनिक विश्व स्तरीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव रखा गया है। यह संस्थान रक्षा, एयरोस्पेस, साइबर सुरक्षा और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे क्षेत्रों में उत्तरी भारत के पहले विशेष कोर्स उपलब्ध करवाएगा और इसे एमआईटी जैसी वैश्विक संस्थाओं के स्तर का बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

आज बिल पेश करते हुए स बैंस ने श्री आनंदपुर साहिब के ऐतिहासिक महत्व और श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की महान शहादत पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा,

बिल की परिवर्तनकारी संभावनाओं को उजागर करते हुए शिक्षा मंत्री ने उभरती प्रौद्योगिकियों और रणनीतिक अध्ययन पर केंद्रित एक विशेष शैक्षणिक ढांचे की रूपरेखा



प्रस्तुत की, जो वर्तमान में उत्तरी भारत की किसी भी प्रमुख संस्था में उपलब्ध नहीं है। प्रस्तावित पाठ्यक्रमों में रक्षा प्रौद्योगिकी में बीएससी, रणनीतिक एवं रक्षा अध्ययन में एमएससी, रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स और राडार प्रणालियों में एमटेक, मिलिट्री रोबोटिक्स और परमाणु प्रणालियों में एमटेक, एआई में बीटेक और एमटेक, डेटा साइंस में एमएससी, ड्रोन इंजीनियरिंग एवं यूएवी टेक्नोलॉजी, साइबर सुरक्षा में बीटेक, साइबर वारफेयर और राष्ट्रीय सुरक्षा में एमटेक, स्पेस टेक्नोलॉजी और सैटेलाइट इंजीनियरिंग में बीटेक, सेमीकंडक्टर इंजीनियरिंग में बीटेक, चिप डिजाइन और माइक्रो-इलेक्ट्रॉनिक्स में एमटेक, क्वांटम टेक्नोलॉजी और क्वांटम कंप्यूटिंग में डिग्रियां, मिलिट्री हिस्ट्री में बीए और एमए, रक्षा एवं सैन्य कानून में एलएलएम तथा सीमा सुरक्षा और आतंकवाद-रोधी अध्ययन जैसे पीजी डिप्लोमा शामिल होंगे।



# खौफनाक मंज़र...



# इजराइली एयरस्ट्राइक से लेबनान में भारी तबाही

## 6 की मौत व 24 घायल, देखते ही देखते राख का ढेर बन गए जिंदा लोग

**इंटरनैश्नल डैस्क/सत्ता संदेश**

मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष अब और ज्यादा खतरनाक रूप लेता जा रहा है, जहां सैन्य ठिकानों के साथ-साथ रिहायशी इलाकों पर भी हमले हो रहे हैं। लेबनान की राजधानी बेरूत में हुए ताजा हवाई हमलों ने हालात की गंभीरता को और बढ़ा दिया है। लेबनान की राजधानी Beirut में बुधवार तड़के इजराइली हवाई हमलों ने भारी तबाही मचाई।

कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई व 24 लोग घायल हुए हैं। कई लोग अब भी हमले मुख्य रूप से Zoqaq al-Blat, Basta al-Fawqa इलाकों में हुए, जहां रिहायशी इमारतें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। राहत टीमों ने मलबे से मानव अवशेष बरामद किए हैं। अधिकारियों ने कहा कि मृतकों की पहचान DN टेस्ट से की जाएगी। रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है और स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, इजराइल ने बेरूत के दक्षिणी इलाकों में भी दो और एयरस्ट्राइक किए इससे पूरे शहर में दहशत फैल गई। यह हमला ऐसे समय हुआ है जब इजराइल और Hezbollah के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि नागरिक इलाकों पर हमले युद्ध को और खतरनाक बना सकते हैं।

## इजराइल का ईरान पर बड़ा हमलाः कमांड सैंटर तबाह

**इंटरनैश्नल डैस्क/सत्ता संदेश**

मिडिल ईस्ट में इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष अब खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। दोनों देशों के बीच सीधा सैन्य टकराव तेज हो गया है, जिसमें हवाई हमले, मिसाइल स्ट्राइक और जवाबी कार्रवाई लगातार जारी है। हालात क्षेत्रीय युद्ध की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। इजराइल की वायुसेना Israeli Air Force ने दावा किया है कि उसने तेहरान में ÷वाइड-स्केल एयरस्ट्राइक÷ को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। IAF के मुताबिक, इस ऑपरेशन में ईरान के कई अहम सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। IAF ने बताया कि हमले में कमांड सेंटर, बैलिस्टिक मिसाइल ठिकाने, सुरक्षा और लॉजिस्टिक हेडक्वार्टर को निशाना बनाया गया। हमलों में Islamic Revolutionary Guard Corps से जुड़े ठिकानों को भी नुकसान पहुंचाने का दावा किया गया है। इजराइल ने कहा कि उसने ईरान के एयर डिफेंस सिस्टम पर भी हमला किया, ताकि ईरानी आसमान में अपनी बढ़त (एयर सुप्रीमेसी) मजबूत की जा सके।

## ईरान का फिर UAE पर बड़ा वार, ऑस्ट्रेलियाई एयरबेस भी बनाया निशाना

**इंटरनैश्नल डैस्क/सत्ता संदेश**



मिडिल ईस्ट में जारी तनाव अब और खतरनाक मोड़ लेता दिख रहा है। ईरान के हमलों का दायरा बढ़ते हुए अब संयुक्त अरब अमीरात तक पहुंच गया है, जहां एक अहम एयरबेस पर हमला हुआ। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस हमले में कोई जान नहीं गई, लेकिन खतरा लगातार गहराता जा रहा है।ऑस्ट्रेलिया सरकार ने पुष्टि की है कि ईरान द्वारा किया गया एक हमला अल मिनहाद एयर बेस (UAE) के एक हिस्से को प्रभावित कर गया। यह एयरबेस लंबे समय से ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल (ADF) की मौजूदगी का अहम केंद्र रहा है। सरकारी बयान के मुताबिक, इस हमले में कोई ऑस्ट्रेलियाई सैनिक घायल नहीं हुआ और सभी सुरक्षित हैं।

हालांकि हमले के कारण बेस के अंदर मौजूद मेडिकल सुविधा और आवासीय ब्लॉक को हल्का नुकसान पहुंचा है। एंथनी अल्बनीज ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 9=15 बजे एक ÷ईरानी प्रोजेक्टाइल÷ बेस के पास सड़क पर गिरा, जिससे आग लग गई। इस आग के कारण आसपास के सैन्य ढांचे को नुकसान हुआ। हमले की प्रकृति अभी स्पष्ट नहीं है यह ड्रोन था या मिसाइल, इसकी जांच जारी है। हालांकि यह घटना मिडिल ईस्ट में बढ़ते सैन्य तनाव का संकेत दे रही है।यह एयरबेस केवल ऑस्ट्रेलिया ही नहीं, बल्कि ब्रिटेन और अमेरिका की सेनाओं के लिए भी एक अहम लॉजिस्टिक और निगरानी केंद्र है, जहां 100 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई सैनिक तैनात हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, यह इस युद्ध के दौरान दूसरी बार है जब इस बेस को निशाना बनाया गया है। इससे पहले भी एक ईरानी ड्रोन हमला हुआ था, लेकिन तब कोई नुकसान नहीं हुआ था। UAE के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, युद्ध के पहले हफ्ते में ही करीब 1700 ड्रोन और मिसाइल हमले किए गए, जिनमें से 90 प्रतिशत को हवा में ही नष्ट कर दिया गया।रिचर्ड मार्ल्स ने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता अपने सैनिकों की सुरक्षा है और हालात के अनुसार सुरक्षा उपायों को और मजबूत किया जा रहा है।

## ईरान के टॉप अधिकारी अली लारिजानी की मौत पर लगी मुहर

**इंटरनैश्नल डैस्क/सत्ता संदेश**



ईरान के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक और सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रमुख अली लारीजानी की एयर स्ट्राइक में मौत हो गई है। मंगलवार को ईरान ने इसकी आधिकारिक पुष्टि की, जबकि पहले इजरायल ने दावा किया था कि उसने उन्हें निशाना बनाया। ईरान की सुप्रीम सिक्योरिटी काउंसिल ने कहा-卐शहीदों की पवित्र आत्माओं ने ईश्वर के सच्चे सेवक, शहीद डॉ. अली लारिजानी की आत्मा को अपने साथ मिला लिया।卐 इस हमले में उनके बेटे की भी मौत हो गई और उनके बॉडीगार्ड्स भी मारे गए। ईरान ने उन्हें 卐शहीद卐 बताते हुए कहा कि उन्होंने इस्लामी गणराज्य के लिए जीवनभर सेवा की। इजरायल के रक्षा मंत्री Israel Katz ने पहले ही कहा था कि लारिजानी उन वरिष्ठ नेताओं में शामिल हैं, जो इजरायली हमलों में मारे गए। वहीं प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि ये हमले ईरान के नेतृत्व को कमजोर करने के लिए किए जा रहे हैं।

## हां माइक मैं जिंदा हूं...! पंच कार्ड से दो नाम मिटाए, लिस्ट अभी बाकी है

**इंटरनैश्नल डैस्क/सत्ता संदेश**



मिडिल ईस्ट में जारी युद्ध के बीच इजराइल ने अपनी रणनीति और आक्रामक रुख को और साफ कर दिया है। ऐसे समय में जब ईरान-इजराइल तनाव चरम पर है, इजराइली प्रधानमंत्री का एक वीडियो सामने आया है जिसने पूरे क्षेत्र में नई हलचल मचा दी है। इजराइल के प्रधानमंत्री Benjamin Netanyahu का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपनी मौत की अफवाहों को खारिज करते हुए कहते हैं - मैं जिंदा हूं। वीडियो में नेतन्याहू ने अपनी जेब से एक कार्ड निकालकर कहा- आज मैंने इस पंच कार्ड से दो नाम मिटा दिए हैंज और अभी इसमें कई नाम बाकी हैं।

माना जा रहा है कि ये नाम ईरान के वरिष्ठ नेता Ali Larijani और बासिज कमांडर Gholam Reza Soleimani के थे। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल उन सभी लोगों को निशाना बना रहा है जो परमाणु हथियार विकसित कर रहे हैं और इजराइल के लिए खतरा हैं। उनका कहना था ÷हम उन उन्मादियों को खत्म कर रहे हैं जो दुनिया के लिए खतरा हैंज वे सफल नहीं होंगे। इस वीडियो में नेतन्याहू अमेरिकी राजदूत Mike Huckabee के साथ नजर आए। हकाबी ने बताया कि Donald Trump ने उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए भेजा है कि नेतन्याहू सुरक्षित हैं। इस पर नेतन्याहू ने जवाब दिया- हाँ माइक, मैं जिंदा हूं।

### ईरान में सत्ता और तनाव

रिपोर्ट्स के अनुसार, Ali Khamenei की मौत के बादअली लारीजानी ईरान के युद्ध प्रबंधन में अहम भूमिका निभा रहे थे। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल का लक्ष्य ईरानी शासन को कमजोर करना है ताकि वहां की जनता को बदलाव का मौका मिल सके।नेतन्याहू के इस बयान ने मिडिल ईस्ट में तनाव को और बढ़ा दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार यह बयान खुली टारगेटेड किलिंग की नीति का संकेत है। ईरान की प्रतिक्रिया और तेज हो सकती है क्योंकि ÷पंच कार्ड÷ वाली भाषा केवल एक बयान नहीं, बल्कि इजराइल की रणनीति का संकेत मानी जा रही है जहां टारगेटेड हमलों के जरिए ईरान की नेतृत्व संरचना को कमजोर किया जा रहा है।

## ईरान के आसमान पर अमेरिका का कब्जा !

**इंटरनैश्नल डैस्क/सत्ता संदेश**



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति छ्रश्ठ्ठड्डद्यस्त्र ञ्जह्वह्वद्वश्च ने ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियान को लेकर बेहद बड़ा और विवादास्पद दावा किया है। उन्होंने कहा कि यह संघर्ष अब लगभग खत्म हो चुका है और अमेरिकी सेना ने ईरान की सैन्य क्षमता को ÷पूरी तरह तबाह÷ कर दिया है। ट्रंप के अनुसार, अमेरिकी ऑपरेशनों ने ईरान की नौसेना, वायुसेना और एयर डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह नष्ट कर दिया है। उनका दावा है कि अब अमेरिकी सेना बिना किसी खतरे के ईरान के हवाई क्षेत्र में उड़ान भर रही है। उन्होंने कहा- ÷अब उनके पास न रडार है, न एंटी-एयरक्राफ्ट सिस्टमज कुछ भी नहीं बचा।÷ ट्रंप ने यह भी कहा कि अमेरिका चाहे तो ईरान के महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे बिजली सिस्टम को एक घंटे में बंद कर सकता है। हालांकि, तेल और पाइपलाइन को जानबूझकर निशाना नहीं बनाया गया, ताकि लंबे समय तक वैश्विक असर न पड़े।

ट्रंप ने दावा किया कि अगर ईरान को परमाणु हथियार मिलते, तो वह 24 घंटे के भीतर उनका इस्तेमाल कर सकता था। उन्होंने बताया कि B-2 Spirit बमवर्षकों से किए गए सटीक हमलों ने इस खतरे को खत्म कर दिया है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति JD Vance ने भी ट्रंप के बयान का समर्थन किया।उन्होंने कहा कि ईरान समर्थित मिलिशिया लगातार अमेरिकी ठिकानों और दूतावासों को निशाना बना रही थीं, इसलिए यह कार्रवाई जरूरी थी।

### 5000 पाउंड के बम से हमला

अमेरिकी सेना की United States Central Command ने बताया कि Strait of Hormuz के पास ईरान के मिसाइल ठिकानों पर 5,000 पाउंड के डीप पेनिट्रेटर बम गिराए गए।

ये बम जमीन के अंदर बने मजबूत ठिकानों को नष्ट करने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं। हालांकि, ट्रंप के दावों की अभी तक स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय पुष्टि नहीं हुई है। विशेषज्ञों का मानना है कि ईरान की सैन्य क्षमता पूरी तरह खत्म होना आसान नहीं। मिडिल ईस्ट में तनाव अभी भी चरम पर है और हालात किसी भी समय और भड़क सकते हैं

## होर्मुज मिशन पर फ्रांस के इंकार पर भड़के ट्रंप

**इंटरनैश्नल डैस्क/सत्ता संदेश**

मिडिल ईस्ट में जारी ईरान युद्ध अब केवल सैन्य संघर्ष नहीं, बल्कि वैश्विक कूटनीतिक टकराव का रूप ले चुका है। इसी बीच अमेरिका और उसके सहयोगियों के बीच मतभेद खुलकर सामने आ रहे हैं, जिसने अंतरराष्ट्रीय राजनीति को और ज्यादा तनावपूर्ण बना दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति Donald Trump ने फ्रांस के राष्ट्रपति Emmanuel रूड्डष्ह्म्श्ठ्ठ पर तीखा हमला बोला है। यह विवाद तब बढ़ा जब फ्रांस ने Strait of Hormuz में अमेरिकी मिशन का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया।

### मैक्रों जल्द पद से हटेंगे : ट्रंप

ओवल ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत में ट्रंप ने कहा- वह (मैक्रों) बहुत जल्द पद से बाहर हो जाएंगेज देखते हैं क्या होता है। यह बयान सीधे तौर पर फ्रांस के रुख से नाराजगी दर्शाता है। मैक्रों ने साफ कहा कि-फ्रांस इस युद्ध में शामिल नहीं है। होर्मुज मिशन को युद्ध से अलग रखा जाना चाहिए, पहले ईरान के साथ बातचीत और तनाव कम करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब हालात शांत होंगे, तब फ्रांस जहाजों की सुरक्षा में सहयोग कर सकता है।

### नाटो और सहयोगियों पर भी हमला

ट्रंप ने ह्नञ्जह्र पर भी नाराजगी जताई। हम उनकी मदद करते हैं, लेकिन वे हमारी मदद नहीं कर रहेज यह बड़ी गलती है।÷ ब्रिटेन, जर्मनी और अन्य देशों ने भी इस मिशन से दूरी बना ली है।रिपोर्ट्स के अनुसार जापान, ऑस्ट्रेलिया, स्पेन, ग्रीस जैसे देशों ने भी इनकार किया। नाटो ने कहा-यह यूरोप का युद्ध नहीं, इसके बावजूद ट्रंप ने कहा-÷हमें किसी की जरूरत नहींज हमारी सेना दुनिया की सबसे मजबूत है।

### होर्मुज संकट और बढ़ा तनाव

ईरान द्वारा Strait of Hormuz बंद किए जाने के बाद अमेरिका इसे खोलने के लिए प्रयास कर रहा है।व्हाइट हाउस के अनुसार, तेल टैंकर धीरे-धीरे फिर से गुजरने लगे हैं, लेकिन खतरा अभी भी बरकरार है।ट्रंप और मैक्रों के बीच यह टकराव दिखाता है कि ईरान युद्ध अब सिर्फ क्षेत्रीय नहीं रहा...

## संक्षिप्त खबरें

### ईरान युद्ध के चलते ट्रंप ने चीन दौरा टाला

**इंटरनैश्नल डैस्क/सत्ता संदेश** : अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को बड़ा फैसला लेते हुए अपना बहुप्रतीक्षित चीन दौरा टाल दिया है। यह दौरा पहले मार्च के आखिर में होना था, लेकिन अब इसे करीब 5–6 हफ्तों के लिए आगे बढ़ा दिया गया है।

**मिडिल ईस्ट की स्थिति प्राथमिकता** : ट्रंप ने बताया कि ईरान के साथ चल रहे युद्ध और मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण उन्होंने यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि हम इस मीटिंग को फिर से तय कर रहे हैं और अब यह करीब पांच हफ्तों में होगी। चीन को भी इसमें कोई दिक्कत नहीं है।

**व्हाइट हाउस में हुई चर्चा के बाद फैसला** : यह निर्णय ट्रंप ने व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में Micheál Martin (आयरलैंड के प्रधानमंत्री) के साथ बैठक के दौरान लिया। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने खुद चीन के साथ होने वाली इस बैठक को एक महीने तक टालने का अनुरोध किया, क्योंकि मौजूदा हालात में उनका वॉशिंगटन में रहना जरूरी है।

**शी जिनपिंग से मुलाकात का इंतजार** : ट्रंप ने यह भी कहा कि वह ह्लद्ब छ्वद्बठ्ठश्चद्बठ्ठद्द से मिलने के लिए उत्साहित हैं, लेकिन फिलहाल ईरान से जुड़ा संकट उनकी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा ,卐मुझे यहां (वॉशिंगटन) रहना होगा। हमने अनुरोध किया है कि इसे लगभग एक महीने के लिए टाल दिया जाए।

### मिडिल ईस्ट जंग में चीन की एंट्री, चार देशों को आपात मदद का किया ऐलान

**इंटरनैश्नल डैस्क/सत्ता संदेश** : चीन ने मंगलवार को कहा कि वह ईरान, लेबनान और क्षेत्र में जारी संघर्ष से बुरी तरह प्रभावित दो अन्य पश्चिम एशियाई देशों को आपातकालीन मानवीय सहायता प्रदान करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने प्रेसवार्ता में बताया कि बीजिंग ने स्थानीय लोगों द्वारा सामना की जा रही दिक्कतों को कम करने की उम्मीद में ईरान, जॉर्डन, लेबनान और इराक को आपातकालीन मानवीय सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। लिन ने कहा, मौजूदा समय में जारी पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ईरान और अन्य क्षेत्रीय देशों के लोगों को संकट का सामना करना पड़ा है। चीन संबंधित देशों के लोगों के प्रति गहरी सहानुभूति व्यक्त करता है। वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या चीन संबंधित देशों को मानवीय सहायता प्रदान करने पर विचार कर रहा है, क्योंकि संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने हाल ही में कहा था कि पश्चिम एशिया में संकट एक बड़ा मानवीय आपातकाल बन गया है, और इन क्षेत्रों में पहले से ही लगभग 2.5 करोड़ लोग प्रभावित हैं। लिन ने कहा कि ईरान में कई निर्दोष नागरिकों की जान गई है, जबकि लेबनान में लगभग 8,00,000 लोग विस्थापित हुए हैं तथा जॉर्डन, इराक और अन्य देश भी प्रभावित हुए हैं। पिछले सप्ताह, चीन ने अमेरिका–इजराइल और ईरान संघर्ष के दौरान ईरान के एक प्राथमिक विद्यालय पर हुए हालिया बम हमले में मारे गए पीड़ितों के परिजनों के लिए आपातकालीन मानवीय सहायता के रूप में 2,00,000 अमेरिकी डॉलर की घोषणा की थी।

### होर्मुज डील पर भारत का इंकार, कहा- कोई बातचीत नहीं हुई

**इंटरनैश्नल डैस्क/सत्ता संदेश** : विदेश मंत्रालय (Ministry of E&ternal Affairs (MEA) ने उस खबर को पूरी तरह खारिज कर दिया है जिसमें कहा गया था कि ईरान (Iran) ने Strait of Hormuz से सुरक्षित रास्ता देने के बदले भारत से तीन जहाज लौटाने की मांग की है। MEA के प्रवक्ता Randhir Jaiswal ने कहा कि ऐसी कोई बातचीत भारत और ईरान के बीच नहीं हुई है और ये रिपोर्ट बिल्कुल बेबुनियाद है। उन्होंने यह भी साफ किया कि जिन जहाजों की बात हो रही है, वे न तो ईरान के हैं और न ही उनमें ईरानी कर्मचारी हैं। भारत ने बताया कि उसका मुख्य ध्यान इस समय होर्मुज क्षेत्र में फंसे जहाजों और भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने पर है। इसके लिए भारत ईरान और अन्य देशों के साथ लगातार संपर्क में है और बातचीत जारी है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव को लेकर भारत ने एक बार फिर साफ किया कि वह कूटनीति और बातचीत के जरिए समाधान चाहता है। S. Jaishankar और MEA ने सभी देशों से संयम बरतने और हालात को और बिगड़ने से रोकने की अपील की है। भारत ने यह भी कहा कि वह BRICS की अध्यक्षता कर रहा है, लेकिन इस संघर्ष में कई सदस्य देशों के शामिल होने के कारण सभी के बीच सहमति बनाना मुश्किल हो रहा है। फिर भी भारत सभी पक्षों से बातचीत में लगा हुआ है। साथ ही भारत ने United Nations में सुधार की जरूरत पर भी जोर दिया।

### अनोखी डील : गर्लफ्रेंड को रेंट पर दिया पति!

**इंटरनैश्नल डैस्क/सत्ता संदेश** : थाईलैंड में रिश्तों और पैसों के बीच एक ऐसी अनोखी डील देखने को मिली है जिसने सोशल मीडिया पर बहस छे दी है। यहां एक महिला ने अपने पति की एक्स्ट्रा–मैरिटल अफेयर वाली बात जानने के बाद तलाक मांगने के बजाय किराया वसूलने का फैसला किया।

**ऐसे खुला पिया की बेवफाई का राज** : यह कहानी 31 वर्षीय खुन (नाम परिवर्तित) की है जिसका पति एक पुलिस अधिकारी है। दोनों का एक 8 साल का बेटा भी है और उनकी शादीशुदा जिंदगी काफी शांत चल रही थी। खुन ने बताया कि वे दोनों एक–दूसरे की प्राइवेसी का सम्मान करते थे और कभी एक–दूसरे का फोन चेक नहीं करते थे। शक की शुरुआत तब हुई जब खुन ने नोटिस किया कि एक अनजान महिला लगातार उसके सोशल मीडिया पोस्ट देख रही है। इसी बीच पति का व्यवहार भी बदलने लगा। वह देर रात तक घर से बाहर रहने लगा और काम का बहाना बनाने लगा। एक रात जब पति का फोन बंद मिला और वह रात 1 बजे तक घर नहीं लौटा तो खुन का शक यकीन में बदल गया।

**प्राइवेट जासूस ने किया पर्दाफाश**: सच्चाई जानने के लिए खुन ने एक प्राइवेट डिटेक्टिव (जासूस) की मदद ली। जासूस ने महज एक दिन की निगरानी में ही पति की पोल खोल दी और वह लोकेशन ढूंढ निकाली जहां पति अपनी प्रेमिका के साथ वक्त बिता रहा था। पकड़े जाने पर पति ने स्वीकार कर लिया कि उसका दूसरी महिला के साथ अफेयर चल रहा है।

# मजबूत करनी है इम्युनिटी तो विटामिन है असली गेम चेंजर



हेल्दी बॉडी चाहते हैं तो इसका सबसे आसान तरीका है डाइट को हेल्दी रखना। हम जो कुछ भी खाते-पीते हैं, उनका सेहत पर सीधा असर होता है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को ऐसी चीजें खाने की सलाह देते हैं जिससे शरीर के लिए आवश्यक अधिकतर पोषक तत्वों की आसानी से पूर्ति हो सके। विटामिन-सी और डी की जरूरतों के बारे में तो हम सभी जानते हैं पर क्या आप जानते हैं कि इसी तरह से विटामिन-ई भी शरीर के लिए अति आवश्यक तत्व है?

हृदय और लिवर को स्वस्थ रखने के साथ शरीर में ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के जोखिम को कम करने में इस विटामिन की आवश्यकता होती है। विटामिन-ई कई खाद्य पदार्थों में मौजूद होता है, जिनको आहार में शामिल करके इसकी जरूरतों को आसानी से पूरा किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि शरीर और मजबूत इम्युनिटी के लिए यह विटामिन कितना आवश्यक है और इसकी पूर्ति कैसे की जा सकती है? जिन लोगों में विटामिन-ई की कमी होती है उनमें तंत्रिका और मांसपेशियों की दिक्कतों के साथ शरीर की गति में नियंत्रण में कमी, दृष्टि की समस्याओं और इम्युनिटी से संबंधित दिक्कतों का खतरा अधिक देखा जाता है।

- पुरुषों को प्रतिदिन 4 मिलीग्रा. और महिलाओं को 3 मिलीग्रा. की मात्रा में विटामिन ई का सेवन करना आवश्यक माना जाता है। त्वचा और बालों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए यह विटामिन बहुत जरूरी है।
- इसकी कमी से त्वचा विकार, जैसे एक्जिमा और खुजली, तथा बालों के कमजोर होने और झड़ने की समस्या हो सकती है।
- स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, आहार के माध्यम से इसका सेवन सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

### इम्युनिटी वाले गुणों से ज्यादातर लोग अनजान

- विटामिन सी-डी के साथ विटामिन-ई वाली चीजों का सेवन भी हमारी इम्युनिटी को मजबूत बनाए रखने के लिए आवश्यक माना जाता है।
- अध्ययन में पाया गया है कि शरीर में इंफ्लामेशन को कम करने और प्रतिरक्षा क्षमता को बढ़ाने में इस विटामिन की जरूरत होती है।
- विटामिन-सी के सेवन से शरीर में संक्रमण के खतरे को कम किया जा सकता है। सप्लीमेंट्स की जगह पोषक तत्वों का सेवन आहार के माध्यम से करना ज्यादा लाभकारी होता है।

### लिवर की सेहत के लिए फायदेमंद

- विटामिन-ई के सेवन से लिवर की सेहत में भी सुधार किया जा सकता है। फैटी लिवर की समस्या को कम करने में विटामिन-ई सप्लीमेंट्स से कुछ रोगियों को लाभ मिल।

साल 2021 में अध्ययनों की समीक्षा में पाया गया कि विटामिन-ई सप्लीमेंट लेने से लिवर एंजाइम एलेनिन एमिनोट्रांस्फरेज (एएलटी) और एस्पार्टेट एमिनोट्रांस्फरेज (एएसटी) के स्तर में कमी आई, जिससे लिवर की सेहत और कार्यक्षमता में सुधार आया। विटामिन-ई के लिए क्या खाएं?

- कई प्रकार के आहार को विटामिन-ई से भरपूर पाया गया है, रोजाना कुछ चीजों को भोजन में शामिल करके इससे लाभ प्राप्त किया जा सकता है।
- सूरजमुखी और सोयाबीन का तेल, सरसों के बीज, बादाम और मूंगफली, पीनट बटर, पालक, कद्दू के बीज में इस विटामिन की मात्रा पाई जाती है।
- स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, यदि हम सभी आहार की पौष्टिकता पर ध्यान दे लें तो इस विटामिन की कमी को आसानी से पूरा किया जा सकता है।






# दूसरों की वजह से भी आपको हो सकता है कैंसर?

कैंसर दुनियाभर की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तेजी से बढ़ता सबसे गंभीर संकट है, जो हर साल लाखों लोगों की मौत का कारण बनता है। आंकड़ों से पता चलता है कि हाल के वर्षों में हर साल कैंसर से करीब 96 लाख से एक करोड़ मौतें दर्ज की गई हैं। कैंसर से होने वाली मौतों में फेफड़ों का कैंसर सबसे बड़ा कारण है। इसके बाद कोलोरेक्टल और लिवर कैंसर की वजह से सबसे ज्यादा मौतें होती हैं। विशेषज्ञों ने चिंता जताई है कि कैंसर के चलते आने वालों वर्षों में मौत के आंकड़े और भी बढ़ सकते हैं। साल 2050 तक यह आंकड़ा बढ़कर प्रति वर्ष 18 मिलियन (1.8 करोड़) से अधिक हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कोशिकाओं के अंदर डीएनए में बदलावों के कारण ये जानलेवा बीमारी होती है। ये आनुवंशिक कारणों से लेकर जीवनशैली से जुड़ी आदतों जैसे तंबाकू, खान-पान में गड़बड़ी, मोटापा और कुछ तरह की पर्यावरणीय स्थितियों की वजह से भी बढ़ रही है।

लाइफस्टाइल में सुधार करके आप कैंसर के खतरे को काफी कम कर सकते हैं। पर क्या आप जानते हैं कि दूसरों की गलती की वजह से भी आपको कैंसर हो सकता है?



### धूम्रपान न करने वालों में लंग्स कैंसर

- लंग्स कैंसर यानी फेफड़ों का कैंसर दुनियाभर में कैंसर से होने वाली मौतों का सबसे बड़ा कारण है। आमतौर पर माना जाता रहा है कि फेफड़ों का कैंसर सिर्फ धूम्रपान करने वालों को होता है, हालांकि ये खतरा उन लोगों में भी बढ़ रहा है जिन्होंने कभी सिगरेट पी ही नहीं।
- फेफड़ों के कैंसर के कई मामलों में देखा गया है कि लोगों की लाइफस्टाइल तो ठीक है, वो धूम्रपान भी नहीं करते फिर भी उनमें कैंसर हो गया।
- इसका मतलब है कि आप दूसरों की गलतियों की वजह से भी इस घातक कैंसर की चपेट में आ सकते हैं।
- दुनियाभर में बड़ी संख्या में नॉन-स्मोकर्स यानी जिन्होंने कभी सिगरेट नहीं पी, उनमें भी लंग्स कैंसर के मामले सामने आ रहे हैं। ये दूसरे के सिगरेट से होने वाले धुएं के संपर्क में आने की वजह से हो सकता है।

### कैंसर का बढ़ता जोखिम

- डॉक्टर कहते हैं, जब फेफड़ों की कोशिकाओं में असामान्य और अनियंत्रित वृद्धि होने लगती है, तो कैंसर हो सकता है। इसका सबसे बड़ा कारण धूम्रपान है।
- सिगरेट के धुएं में 70 से अधिक कैंसर पैदा करने वाले रसायन पाए जाते हैं, जो कैंसर को बढ़ा सकते हैं।
- हालांकि सिर्फ धूम्रपान ही नहीं, सेकेंड हैंड स्मोकिंग यानी दूसरों के धुएं में रहने से भी आपमें इस कैंसर का जोखिम बढ़ सकता है।
- सेकेंड हैंड स्मोकिंग के अलावा वायु प्रदूषण भी एक बड़ा खतरा है। पीएम 2.5 जैसे सूक्ष्म कण फेफड़ों में जाकर डीएनए को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

### नॉन-स्मोकर्स में भी फेफड़ों का कैंसर

- नेचर जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में शोधकर्ताओं ने वैश्विक स्वास्थ्य नीति और शहरी नियोजन की अपील की है। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया सैन डिएगो और नेशनल कैंसर इंस्टिट्यूट (एनसीआई) द्वारा किए गए एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन में पाया गया है कि नॉन-स्मोकर्स में भी फेफड़ों का कैंसर बढ़ रहा है। इसको लेकर सभी लोगों को अलर्ट करना जरूरी है।
- आप धूम्रपान नहीं करते हैं पर यदि आपमें कैंसर की फैमिली हिस्ट्री रही है तो भी लंग्स कैंसर को लेकर अलर्ट रहना चाहिए।
- ऐसे स्थानों पर रहते हैं जहां वायु प्रदूषण का स्तर काफी अधिक बना रहता है या फिर ऐसे कार्यों से जुड़े हैं जहां रसायनों के अक्सर संपर्क में अधिक रहते हैं उनमें भी लंग्स कैंसर होने का खतरा अधिक रहता है। फेफड़ों के कैंसर की पहचान क्या है?
- फेफड़ों के कैंसर के शुरुआती लक्षण आमतौर पर सांस की समस्याओं जैसे होते हैं। हालांकि बीमारी बढ़ने के साथ आपको कई और दिक्कतें हो सकती हैं।
- ऐसी खांसी जो ठीक न हो रही हो या समय के साथ और बिगड़ जाए।
- खांसी के साथ खून आना या गाढ़े रंग का बलगम आना।
- सांस लेने में दिक्कत, सांस फूलना, घरघराहट या सांस लेते समय आवाज आना।
- लगातार सीने में दर्द बने रहना जो अक्सर गहरी सांस लेने, हंसने या खांसने पर और बढ़ जाता है।
- बिना किसी वजह के वजन कम होना और बहुत ज्यादा थकान महसूस होना।

# किडनी स्टोन से हो हैं सकती दिक्कतें

किडनी में स्टोन की समस्या काफी आम है। बच्चे हों या बुजुर्ग, महिला या पुरुष सभी में ये दिक्कत देखी जा रही है। खान-पान और लाइफस्टाइल में गड़बड़ी को इसके लिए मुख्यरूप से जिम्मेदार माना जाता है। आपको अभी किडनी में स्टोन नहीं है तो इसका मतलब ये नहीं है कि कभी भी ये दिक्कत नहीं होगी। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को निरंतर किडनी में पथरी होने से बचाव के लिए जरूरी उपाय करते रहने की सलाह देते हैं।

डॉक्टर कहते हैं, किडनी में पथरी तब बनती है जब शरीर में कैल्शियम, ऑक्सलेट, यूरिक एसिड जैसे खनिज पदार्थ ज्यादा मात्रा में जमा होने लगते हैं और समय के साथ क्रिस्टल का रूप ले लेते हैं। कम पानी पीने को भी किडनी स्टोन के लिए जिम्मेदार माना जाता रहा है। किडनी स्टोन का इलाज कराना और इसे बाहर निकालना जरूरी है।

कम उम्र के लोगों में भी बढ़ रही है स्टोन की समस्या दुनियाभर में बढ़ती किडनी की बीमारियों को लेकर लोगों को शिक्षित और जागरूक करने और किडनी से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर अलर्ट करने के उद्देश्य से हर साल मार्च महीने के दूसरे गुरुवार को विश्व किडनी दिवस मनाया जाता है।

आमतौर पर शुरुआत में कई बार पथरी के कोई खास लक्षण नहीं दिखाई देते, लेकिन जैसे-जैसे इसका आकार बढ़ता है, यह तेज दर्द, पेशाब में जलन और कई अन्य समस्याएं पैदा कर सकती है। किडनी स्टोन के कारण होने वाले दर्द को अक्सर लोग पेट का सामान्य दर्द मानकर दवा लेते रहते हैं, यही कारण है कि ज्यादातर लोगों में स्टोन का पता तब चल पाता है जब ये काफी बढ़ चुका होता है।

डॉक्टर कहते हैं, छोटे आकार की पथरी कई बार घरेलू उपायों, ज्यादा पानी पीने और खान-पान में बदलाव से अपने-आप निकल सकती है। लेकिन अगर पथरी बड़ी हो जाए या लंबे समय तक किडनी में रहे, तो यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकती है। किडनी स्टोन को नजरअंदाज करना ठीक नहीं है। समय पर जांच और सही इलाज से न केवल दर्द से राहत मिलती है बल्कि किडनी को होने वाले स्थायी नुकसान से भी बचा जा सकता है।

किडनी में बड़े आकार की पथरी को पेशाब के माध्यम से नहीं निकाला जा सकता है, इसके लिए सर्जरी की जरूरत होती है। कुछ लोगों में छोटे-छोटे कई सारे स्टोन हो सकते हैं उस स्थिति में भी सर्जरी करके इसे निकालने की सलाह दी जाती है। डॉ कुलदीप बताते हैं, किडनी स्टोन के कारण आपको बहुत तेज दर्द हो सकता है और कुछ स्थितियों में इससे किडनी को गंभीर क्षति का भी खतरा रहता है इसलिए समय रहते इसका इलाज जरूरी है। बड़े किडनी स्टोन यूरेटर (किडनी और मूत्राशय को जोडने वाली नलिकाएं) में जा सकते हैं, यहां उनके फंसने का खतरा रहता है। इससे यूरेटर में ब्लॉकेज हो सकता है और आपको पेशाब करने में तकलीफ हो सकती है। किडनी स्टोन यूरेटर को ब्लॉक कर सकते हैं। ऐसे में, यूरिन जमा होने से इन्फेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है।



# विटामिन डी की कमी



विटामिन डी को सनशाइन विटामिन भी कहा जाता है जो हमारे शरीर के लिए सबसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों में से एक है। विटामिन डी हड्डियों की मजबूती, रोग प्रतिरोधक क्षमता और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में बड़ी भूमिका निभाता है।

कुछ रिपोर्टों के मुताबिक हमारे देश की एक बड़ी आबादी इस विटामिन डी की कमी से जूझ रही है, जिसका मुख्य कारण बदलती जीवनशैली की वजह से धूप का एक्सपोजर कम होना है। विटामिन डी की कमी शरीर के लिए साइलेंट अलार्म की तरह काम करती है, लेकिन इसके लक्षण इतने सामान्य होते हैं कि अक्सर लोग इन्हें रोजमर्रा की थकान या तनाव समझकर नजरअंदाज कर देते हैं।

अगर इस कमी को समय पर पूरा न किया जाए, तो यह ऑस्टियोपोरोसिस, हृदय रोग और गंभीर कमजोरी का कारण बन सकता है। इसलिए आइए इस लेख में विटामिन डी के कमी के कुछ संकेतों के बारे में जानते हैं।

### 1. मांसपेशियों और हड्डियों में लगातार दर्द

विटामिन डी कैल्शियम के अवशोषण के लिए बहुत जरूरी है। अगर आपके शरीर में इसकी कमी है, तो हड्डियों का घनत्व कम होने लगता है जिससे पीठ, घुटनों और कूल्हों में लगातार हल्का दर्द बना रहता है। मांसपेशियों में बेवजह खिंचाव और कमजोरी महसूस होना भी इसका एक प्रमुख शुरुआती संकेत है, जिसे अक्सर लोग उम्र बढ़ने का असर मान लेते हैं।

### 2. हर वक्त थकान और ऊर्जा की कमी महसूस होना

अक्सर ये देखने को मिलता है कि कुछ पर्याप्त नींद लेते हैं उसके बाद भी उन्हें सुबह उठने के बाद थकान महसूस होती है। विटामिन डी कोशिकाओं के भीतर माइटोकॉन्ड्रिया (कोशिका का पावरहाउस) की कार्यक्षमता को बढ़ाता है। इसकी कमी होने पर शरीर एनर्जी का मैनेजमेंट नहीं कर पाता, जिससे व्यक्ति को दिन भर भारीपन और सुस्ती महसूस होती है। रिसर्च के अनुसार, विटामिन डी के कम स्तर और थकान के बीच गहरा संबंध है।



### 3. बार-बार बीमार पड़ना (कमजोर इम्यूनिटी)

विटामिन डी हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली का मुख्य रक्षक है। यह शरीर को इन्फेक्शन पैदा करने वाले बैक्टीरिया और वायरस से लड़ने के लिए तैयार करता है। अगर आप बार-बार सर्दी, जुकाम या फ्लू के शिकार हो रहे हैं, तो यह इस बात का संकेत है कि आपके शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो गई है, जिसका मूल कारण विटामिन डी की कमी हो सकता है।

### 4. घाव भरने में देरी होना

सर्जरी या चोट लगने के बाद यदि घाव बहुत धीरे-धीरे भर रहे हैं, तो सावधान हो जाएं। विटामिन डी शरीर में नए ऊतकों के निर्माण और सूजन को नियंत्रित करने की प्रक्रिया को गति देता है। इस विटामिन की कमी से शरीर की रिपेयरिंग प्रक्रिया धीमी हो जाती है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है और चोट को ठीक होने में सामान्य से अधिक समय लगता है।

### 5. अवसाद और उदासी

मस्तिष्क के उन हिस्सों में विटामिन डी रिसेप्टर्स मौजूद होते हैं जो हमारे मूड को नियंत्रित करते हैं। वैज्ञानिकों ने पाया है कि विटामिन डी की कमी से सेरोटोनिन (हैप्पी हार्मोन) का लेवल गिर जाता है, जिससे बेवजह उदासी, चिंता और डिप्रेशन जैसे लक्षण दिखने लगते हैं।

कंडी क्षेत्र अब पिछड़ा नहीं रहा : मान सरकार ने नहरी पानी ऊंचे इलाकों तक पहुंचाया

# 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज और 600 यूनिट मुफ्त बिजली का वादा पूरा किया : बरिंदर कुमार गोयल

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

पंजाब के जल संसाधन एवं भूमि व जल संरक्षण मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने आज कहा कि भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार हर क्षेत्र में अपने वादे निभा रही है और सभी गारंटियां बिना किसी भेदभाव के पूरी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से उपेक्षा का शिकार रहे कंडी क्षेत्र में मान सरकार ने सिंचाई के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है और अर्ध-पहाड़ी इलाके को खेती योग्य अवसरों में बदल दिया है।

मान सरकार ने 214 करोड़ रुपये की लागत से तैयार की गई काठगढ़ लिफ्ट सिंचाई योजना के माध्यम से पहली बार नहरी पानी को ऊंचे इलाकों तक पहुंचाया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार की किसान-हितैषी नीतियों पर ज़ोर देते हुए कहा कि इस परियोजना से पानी का बेहतर उपयोग होगा, बड़े स्तर पर ढांचागत निवेश होगा और किसानों को राहत देने के साथ उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार लाने की दूरदर्शी सोच को मज़बूती मिलेगी।

- **सिंचाई प्रणाली की मज़बूती के लिए 6700 करोड़ रुपये खर्च, टेल एंड तक खेतों में पानी की पहुंच सुनिश्चित- बरिंदर कुमार गोयल**
- **214 करोड़ की लागत वाली काठगढ़ लिफ्ट सिंचाई योजना से 33 गांवों और 11,500 एकड़ क्षेत्र को मिलेगा लाभ**

इस ऐतिहासिक कदम के तहत बरिंदर कुमार गोयल ने आज 214 करोड़ रुपये की लागत से तैयार काठगढ़ लिफ्ट सिंचाई योजना का उद्घाटन किया। इस योजना के माध्यम से पहली बार नहरी पानी को ऊंचे क्षेत्रों तक सफ़लतापूर्वक पहुंचाया गया है, जिससे कंडी क्षेत्र की सूखी और वर्षा पर निर्भर भूमि को सिंचाई सुविधाएं प्राप्त होंगी।



उन्होंने बताया कि इस परियोजना से लगभग 33 गांवों की 11,500 एकड़ भूमि को सिंचाई सुविधा मिलेगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय में इजाफ़ा होगा। यह पहल क्षेत्र की कृषि तस्वीर को बदलने में मील का पत्थर साबित होगी और किसानों को बेहतर फ़सलें उगाने के साथ-साथ भूमि की कीमत बढ़ाने में भी मदद करेगी।

उद्घाटन के बाद जन सभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा, काठगढ़ लिफ्ट सिंचाई योजना कंडी नहर सिस्टम और बिस्त-दोआब प्रणाली के माध्यम से, ऊंचाई के कारण सिंचाई से वंचित क्षेत्रों को सिंचाई सुविधा प्रदान करने का एक ऐतिहासिक प्रयास है। इस परियोजना से क्षेत्र को बहुत लाभ होगा और भूजल पर दबाव भी कम होगा।

उन्होंने आगे बताया कि इस परियोजना को तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। पहला चरण 67 करोड़ रुपये की लागत वाला फरवरी 2026 में पूरा हो चुका है, जिसके तहत 13 गांवों के 4,000 एकड़ क्षेत्र को कवर किया गया है। दूसरा चरण 107 करोड़ रुपये की लागत वाला सितंबर 2026 तक पूरा होने की संभावना है, जिसमें 14 गांवों के 5,500 एकड़ क्षेत्र को शामिल किया जाएगा, जबकि तीसरा चरण से 40 करोड़ रुपये में 6 गांवों के 2,000 एकड़ क्षेत्र को सिंचाई सुविधा दी जाएगी। इसके साथ ही बिजली के बोझ को कम करने के लिए 650 किलोवाट का सोलर प्लांट भी स्थापित किया गया है।

तकनीकी पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने बताया कि इस योजना को बिस्त-दोआब नहर से जोड़ा गया है, जिसकी जल वहन क्षमता 67 क्यूसेक है। इसके तहत पंपों के माध्यम से पानी को ऊपर उठाकर ऊंचे-नीचे और अर्ध-पहाड़ी क्षेत्रों में विस्तृत पाइपलाइन नेटवर्क के जरिए पहुंचाया जाएगा। पंप हाउस के लिए विभाग की मौजूदा भूमि का उपयोग किया गया।



# ईद की नमाज के मद्देनजर चेयरमैन द्वारा जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों के साथ मीटिंग

## अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंधों का भरोसा दिलाया

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

ईद की नमाज के मद्देनजर पंजाब मुस्लिम वेलफेयर डेवलपमेंट बोर्ड के चेयरमैन अब्दुल बाहरी सलमानी के नेतृत्व में शहरी और देहाती क्षेत्रों की मस्जिदों के मुतवल्ली, प्रधान, सचिव तथा अन्य प्रमुख मुस्लिम प्रतिनिधियों की आज जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक हुई। यहां जिला प्रशासकीय कॉम्प्लेक्स में हुई बैठक के दौरान चेयरमैन अब्दुल बाहरी सलमानी ने संबंधित विभागों से जालंधर शहर और देहाती क्षेत्रों की मस्जिदों तथा ईदगाहों में नमाज के मद्देनजर जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए कहा, ताकि ईद की नमाज उचित ढंग से संपन्न हो सके।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधों के अलावा सफाई, पीने का पानी, मोबाइल टॉयलेट समेत अन्य आवश्यक प्रबंध समय पर सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए, ताकि ईद की नमाज में शामिल होने वालों को कोई असुविधा न हो। बैठक के दौरान अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ज) अमनिंदर कौर ने भरोसा दिलाया कि जिला प्रशासन ईद की नमाज को ध्यान में रखते हुए पुख्ता प्रबंध इंतजाम करेगा। बैठक में एसडीएम नवदीप सिंह के अलावा पुलिस, नगर निगम जालंधर तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी और पंजाब वक्फ बोर्ड के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

# शिरोमणि अकाली दल में नई नियुक्तियां, नेताओं को सौंपी गई अहम जिमेदारियां

**लुधियाना/सत्ता संदेश**

शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने पार्टी के बी.सी. विंग के अध्यक्ष जत्थेदार हीरा सिंह गाबड़िया से सलाह-मशविरा करने के बाद विंग के संगठनात्मक ढांचे का ऐलान कर दिया है। पार्टी के मुख्य कार्यालय से जानकारी देते हुए वरिष्ठ उपाध्यक्ष और सचिव डॉ. दलजीत सिंह चीमा ने बताया कि विभिन्न वर्गों के वरिष्ठ नेताओं को बी.सी. विंग में शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नेता कृपाल सिंह बडूंगर (पूर्व अध्यक्ष एसजीपीसी), डॉ. उपिंदरजीत कौर (पूर्व मंत्री), मनजीत सिंह जी.के. (पूर्व अध्यक्ष दिल्ली गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी) और तेजा सिंह महल (बरनाला) को बी.सी. विंग का संरक्षक नियुक्त किया गया है। सुच्चा सिंह सुचेतगढ़ को बी.सी. विंग का महासचिव बनाया गया है। गुरमीत सिंह कुलार, गुरदीप सिंह लंबी, चरणजीत सिंह भारी, कश्मीर सिंह गंडीविंड, जोगिंदर सिंह फिरोजपुर, नरेंद्रपाल सिंह मोगा, गुरप्रीत सिंह मसोन, नरेंद्र सिंह सेखवां, जत्थेदार तारा सिंह सेखूपुर, चौधरी मोहम्मद सदीक, गुरदेव सिंह ठेकेदार फरीदकोट, जर्नैल सिंह कलसी, हरपाल सिंह सराऊ, सुखविंदर सिंह भाट, बावा सिंह (पूर्व चेयरमैन इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट रोपड़) और लाभ सिंह एडरशाइन। परविंदर सिंह समराला, भूपिंदरपाल सिंह जाडला, जतिंदर सिंह लद्धामुंडा, गुरविंदर सिंह धीमान, मनजीत सिंह धामु, जत्थेदार अवतार सिंह पठलावा, गुरचरण सिंह कड़वाल, सुखविंदर सिंह दानीपुर, मोहम्मद हारून मलेरकोटला, बिक्रमजीत सिंह कलसी होशियारपुर, हरिंदर सिंह काला (पूर्व एमसी फरीदकोट), नरैण दास काली (पूर्व एमसी फरीदकोट), सुरिंदरपाल सिंह जौड़ा रामपुरा फूल, गुरदीप सिंह मानक, सुखविंदर सिंह रीपर मानसा और भूपिंदर सिंह महिंदीपुर।

# जिला जालंधर से संबंधित 3 महिला उद्यमियों को मिला पंजाब सरकार उद्यमी महिला सम्मान

- **मोहाली में हुए सम्मान समारोह के दौरान डिजिटल दीदी और सेवा टू सेल्फ रिलायंस कैटेगरी में किया सम्मान हासिल**

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

महिला उद्यमियों को सम्मानित करने के लिए मोहाली में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान से सम्मान प्राप्त करने वाली महिला उद्यमियों में ज़िला जालंधर से जुड़ी 3 महिला उद्यमी भी शामिल है।



अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास) दिव्या पी. ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राज्य स्तरीय समारोह के दौरान पूजा पुत्री संजीव कुमार, निवासी पिंड भंगाला, ब्लॉक नूरमहल कोडिजिटल कैटेगरी के लिए, अंजलि पुत्री नछत्तर, निवासी गांव पूनिया, ब्लॉक शाहकोट को सेवा टू सेल्फ रिलायंस कैटेगरी के लिए तथा मोनिका पुत्री गुरमेल सिंह, निवासी पिंड मानको, ब्लॉक आदमपुर को सेवा टू सेल्फ रिलायंस कैटेगरी में उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य के लिए सम्मान मिला है। इन महिला उद्यमियों को सरकार की ओर से सम्मान पत्र, ट्रॉफी और 25,000-25,000 रुपये का चेक सम्मान स्वरूप प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि इससे पहले विभाग की हिदायतों के अनुसार हल्का स्तर और ज़िला स्तर पर भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समारोह आयोजित किए गए थे, जिनमें विभिन्न कैटेगरीज़ में बेहतरीन कार्य करने वाली 100-100 महिला उद्यमियों को सम्मानित किया गया था। अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने पंजाब राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि इस मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों की गरीब महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर उनके जीवन स्तर, आर्थिक तथा सामाजिक स्थिति को ऊंचा उठने के प्रयास किए जा रहे है। बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फंड के रूप में 30,000 रुपये और कम्युनिटी इन्वेस्टमेंट फंड के रूप में 50,000 रुपये प्रति समूह के हिसाब से वित्तीय सहायता दी जाती है।

इसके अलावा इन समूहों को सी.सी.एल. उपलब्ध करवाकर आजीविका से जुड़े कार्यों जैसे स्कूली वर्दियों की सिलाई, एग्री न्यूट्रि गार्डन और वेरका के साथ कन्वर्जेंस कर डेयरी कार्य से जोड़ा जा रहा है, ताकि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का जीवन स्तर और बेहतर हो सके। इस मौके पर डी.पी.एम. सुखवंत कौर, डी.एफ.एम. कोमल, लेखाकार विकास बख्शी तथा आजीविका मिशन का बाकी स्टाफ भी मौजूद था।

# पुलिस द्वारा नशा-विरोधी अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर कासो आप्रेशन

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश** : जालंधर ग्रामीण पुलिस ने, एम.एफ फारूकी, आईपीएस, एडीजीपी SAP जालंधर और स.हरविंदर सिंह विर्क, स्स्क्जालंधर ग्रामीण के नेतृत्व में, नशा-विरोधी अभियान के तहत विभिन्न क्षेत्रों में कॉर्डन एंड सर्च ऑपरेशन चलाया।



यह आप्रेशन मुकेश कुमार, पीपीएस, पुलिस कप्तान (स्थानीय), नरिंदर सिंह औजला, डीएसपी (उप-मंडल करतारपुर) और इंस्पेक्टर रमनदीप सिंह, एसएचओ पुलिस थाना करतारपुर की देखरेख में चलाया गया। पुलिस को मिली जानकारी के आधार पर, उन स्थानों पर विशेष चेकिंग की गई जहां नशीले पदार्थों की बिक्री या नशा-संबंधी अन्य गतिविधियों की संभावना थी।



इस अभियान के लिए लगभग 125 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। एम.एफ फारूकी, आईपीएस,एडीजीपी स्स्क्जालंधर ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि आज जालंधर ग्रामीण क्षेत्र में एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान, जिले के सभी संवेदनशील और हॉटस्पॉट क्षेत्रों में पुलिस द्वारा संयुक्त कार्रवाई की गई।



उन्होंने कहा कि सरकार और डीजीपी पंजाब के निर्देशों के अनुसार, नशीले पदार्थों को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि जनता से संपर्क करके और जागरूकता अभियानों के माध्यम से नशीले पदार्थों की मांग को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि युवा पीढ़ी इस बुराई से दूर रहे। इसके साथ ही, नशीले पदार्थों की सप्लाई चेन को तोड़ने के लिए कड़ी कार्रवाई की जा रही है, और तस्करों के मनोबल को तोड़ना भी अनिवार्य है।



उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की ओर से स्पष्ट निर्देश हैं कि प्रत्येक जिले के अधिकारी इस अभियान का नेतृत्व स्वयं करें। इसके तहत, स्स्क्जालंधर ग्रामीण के मार्गदर्शन में वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर अभियानों की निगरानी कर रहे हैं।

नाहरपुर गांव और नशा-प्रभावित अन्य क्षेत्रों में तलाशी और चेकिंग अभियान चलाए गए।

# उचित ढंग से सुनिश्चित की जाएगी घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई : कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत

- **कैबिनेट मंत्री ने जिला प्रशासन की टीमों को गैस एजेंसियों की लगातार जांच करने के निर्देश दिए**
- **कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी**

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

कैबिनेट मंत्री मोहिंदर भगत ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए, जालंधर के निवासियों को घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई के दौरान किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करने दिया जाएगा और सप्लाई को उचित ढंग से सुनिश्चित किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने जिला प्रशासन को इस संबंध में गैस एजेंसियों की लगातार जांच जारी रखने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को किसी भी तरह की परेशानी न हो। उन्होंने जिला खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को सिलेंडरों के वजन और बुकिंग प्रक्रिया आदि की जांच के लिए एक अभियान शुरू करने के निर्देश दिए, ताकि घरेलू गैस सिलेंडरों की सप्लाई उचित , पारदर्शी और समय पर हो सके। श्री भगत ने कालाबाजारी और अवैध जमाखोरी में शामिल लोगों को कड़ी चेतावनी दी और कहा कि यदि ऐसा कोई मामला सामने आता है, तो कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।



मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की आम लोगों को किसी भी तरह की असुविधा से बचाने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, कैबिनेट मंत्री ने लोगों से यह भी अपील की कि वे घबराहट में अनावश्यक खरीदारी करने से बचें। उन्होंने जनता से अफवाहों से सावधान रहने को भी कहा।


श्री भगत ने डिप्टी कमिश्नर डा. हिमांशु अग्रवाल के नेतृत्व वाले जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर 9646222555 के बारे में जानकारी दी और कहा कि गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के बारे में जानकारी इस हेल्पलाइन नंबर पर व्हाट्सएप संदेशों के माध्यम से भेजी जा सकती है।

उन्होंने कहा कि राज्य की मान सरकार ऐसे दोषियों को किसी भी कीमत पर नहीं बख्शा जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि उन्हें कहीं भी गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी के बारे में कोई जानकारी मिलती है, तो उसे तुरंत उपरोक्त हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से साझा किया जाए, ताकि तत्काल उचित कानूनी कार्रवाई की जा सके।

# मकड़ी के जाल की तरह फैल रहे हैं फर्जी कॉल सेंटर

**फगवाड़ा/सत्ता संदेश**

देश और विदेश में साइबर ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। विशेष रूप से ÷डिजिटल अरेस्ट÷ के नाम पर की जा रही ठगी ने आम लोगों की नींद उड़ा दी हैं। इसी कड़ी में पंजाब में औद्योगिक नगरी और प्रदेश के दोआबा इलाके का गेटवे स्वीकारे जाते फगवाड़ा का नाम बीते कुछ समय से खासी सुर्खियों में हैं क्योंकि कुछ समय पहले जिला कपूरथला की साइबर क्राईम विभाग की पुलिस टीम और थाना सिटी फगवाड़ा की पुलिस द्वारा यहां के घनी आबादी वाले पलाही रोड इलाके में एक विला में चलाए जा रहे एक ऐसे फर्जी कॉल सैंटर का पर्दाफाश किया है जिसके तार क्रिपटो करंसी से लेकर हवाला कारोबार और अब डिजीटल अरेस्ट के मामलों से भी जोड़ा जा रहा है?



सूत्रों के अनुसार पुलिस जांच में आए दिन चौंकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। चर्चा यह भी है कि फगवाड़ा के इस फर्जी कॉल सैंटर से विदेशों में रह रहे मासूम लोगों को भांति प्रकार के तरीके अपना कथित तौर पर डिजीटल अरेस्ट का डरावा देकर मोटी रकमें वसूल की जाती रही हैं? अभी उक्त सारे मामले की पुलिस जांच का दौर जारी बताया जा रहा है। संगठित गिरोहों द्वारा संचालित फर्जी कॉल सेंटर्स से शातिर ठग खुद को पुलिस, सीबीआई, ईडी या अन्य सरकारी एजेंसियों का अधिकारी बताकर लोगों को डराते हैं।

पंजाब के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए 100 नई एमबीबीएस सीटें

# मान सरकार ने मेडिकल शिक्षा का विस्तार किया, एक महीने के भीतर दूसरे संस्थान की घोषणा : डॉ. बलबीर सिंह

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं और मेडिकल शिक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने आज कपूरथला में नए सरकारी मेडिकल कॉलेज की स्थापना की घोषणा की। यह इस महीने घोषित किया जाने वाला दूसरा ऐसा संस्थान है, इससे पहले होशियारपुर में शहीद ऊधम सिंह स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज का ऐलान किया गया था। श्री गुरु नानक देव जी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के रूप में यह नई सुविधा कपूरथला के मौजूदा जिला अस्पताल परिसर में स्थापित की जाएगी। आज यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए डॉ. बलबीर सिंह ने कहा, टेंडरिंग प्रक्रिया सहित सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं और कार्यकारी एजेंसियों को काम के आदेश जारी कर दिए गए हैं। निर्माण कार्य 25 मार्च, 2026 से शुरू कर दिया जाएगा और मार्च 2028 तक 24 महीनों के भीतर पूरा करने का लक्ष्य है। उन्होंने आगे बताया, ÷275 करोड़ रुपये की कुल लागत से स्थापित किए जाने वाले इस प्रोजेक्ट में 300 बिस्तरों वाला अस्पताल और एक मेडिकल कॉलेज शामिल होगा।



# दो शूटर कैथल में संक्षिप्त गोलीबारी के बाद गिरफ्तार; 3 पिस्तौल बरामद

**चंडीगढ़/सत्ता संदेश**

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाई गई मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए, पंजाब पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने स्पेशल टास्क फोर्स, हरियाणा (करनाल यूनिट) के साथ संयुक्त ऑपरेशन के दौरान आज कैथल में संक्षिप्त गोलीबारी के बाद चंडीगढ़ सेक्टर 9 हत्या कांड में शामिल दो शूटरों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से तीन आधुनिक हथियार बरामद किए हैं। यह जानकारी आज यहां डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी।

- **चंडीगढ़ सेक्टर 9 हत्या कांड में थे शामिल**
- **गिरफ्तार किए गए आरोपी बंबीहा गैंग के भगौड़े गैंगस्टर लक्की पटियाल के मुख्य सहयोगी हैं : डीजीपी गौरव यादव**
- **आरोपियों ने पुलिस टीमों पर गोलीबारी की, जवाबी गोलीबारी के दौरान दोनों आरोपी घायल हो गए : एडीजीपी एजीटीएफ प्रमोद बान**

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान राजन उर्फ पियूष पहलवान निवासी फिरोजपुर और प्रीतम शाह निवासी नवांशहर के रूप में हुई है। बरामद किए गए हथियारों में .30 बोर का पीएक्स-5 पिस्तौल, .30 कैलिबर का चीनी पिस्तौल और .32 कैलिबर का पिस्तौल सहित गोलियां-कारतूस शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, बुधवार को चंडीगढ़ के सेक्टर 9 में पीड़ति चरणप्रीत सिंह उर्फ चीनी को दो अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी बंबीहा गैंग के भगोड़े गैंगस्टर लक्की पटियाल के मुख्य सहयोगी हैं। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से यह भी पता चला है कि राजन उर्फ पियूष पहलवान जीवनजोत सिंह उर्फ जुगनू के ड्राइवर यादविंदर सिंह की हाई-प्रोफाइल हत्या में भी वांछित है।



डीजीपी ने बताया कि एजीटीएफ पंजाब ने पूरे मॉड्यूल का पर्दाफाश कर दिया है और 30 घंटों से भी कम समय में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने आगे बताया कि इस मामले की जांच जारी है। इस ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए, एजीटीएफ के एडिशनल डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (एडीजीपी) प्रमोद बान ने बताया कि घटना के बाद, एजीटीएफ ने इस मामले में शामिल आरोपियों की पहचान करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए डीआईजी एजीटीएफ गुरमीत सिंह चौहान की निगरानी में तुरंत एक विशेष ऑपरेशन ÷ओपीएस साइलेंट ट्रिगर÷ शुरू किया। उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन के दौरान, आरोपियों ने एसपी एजीटीएफ बिक्रमजीत सिंह बराड़ की अगुवाई वाली पुलिस टीमों पर गोलीबारी की।